बैंक ऑफ़ बड़ौदा में राजभाषा कार्यान्वयन की एक समृद्ध परंपरा है. बैंक अपने नवोन्मेषी कार्यों की श्रृंखला में वर्ष 2013 से अखिल भारतीय सेमिनारों का लगातार आयोजन करता आ रहा है जिसका अनुसरण अन्य बैंकों ने किया है. 'आस्ति प्रबंधन', 'खुदरा ऋण', 'ग्रामीण विपणन के विविध आयाम', 'विमुद्रीकरण और डिजिटल भारत', 'बैंकिंग में डिजिटल परिवर्तन–दशा और दिशा', 'कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह की संभावनाएं', 'भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका', 'बैंकिंग में अनुपालन संस्कृति', बैंकिंग में साइबर अपराध' जैसे विषयों पर आयोजित सेमिनारों की कड़ी में बैंक द्वारा इस वर्ष भी दिनांक 06 फरवरी, 2023 को अमृतसर (पंजाब) में भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों के लिए अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया गया. यह सेमिनार 'डिजिटल ऋण' विषय पर आयोजित हुआ जिसे विभिन्न बैंकों से बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला. हमारे पाठकों के लिए प्रस्तुत है इस सेमिनार की संक्षिप्त रिपोर्ट – कार्यकारी संपादक

बैंक के प्रधान कार्यालय (राजभाषा विभाग) के संयोजन में 06 फरवरी, 2023 को भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों के लिए 'डिजिटल ऋण' विषय पर अमृतसर (पंजाब) में अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की सचिव सुश्री अंशुली आर्या, आई.ए.एस द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया. अपने मार्गदर्शी संबोधन में उन्होंने बैंक द्वारा राजभाषा के प्रचार–प्रसार हेतु किए जा रहे अभिनव पहलों की सराहना की और बैंक द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को अन्य संस्थानों के लिए अनुकरणीय बताया.

इस अवसर पर चंडीगढ़ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री विमल कुमार नेगी, मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अमृतसर सुश्री जहांजेब अख्तर, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर–I) के उप निदेशक (कार्यान्वयन) श्री के पी शर्मा, प्रधान कार्यालय, वडोदरा से प्रमुख (राजभाषा एवं संसदीय समिति) श्री संजय सिंह, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा एवं संसदीय समिति) श्री पुनीत कुमार मिश्र, अमृतसर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सतपाल मेहरा तथा उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अशोक कुमार भी उपस्थित रहे.

इस सेमिनार के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों के स्टाफ सदस्यों से 'डिजिटल ऋण से संबद्ध 2 उप–विषयों अर्थात् डिजिटल ऋण: चुनौतियां एवं संभावनाएं' तथा 'डिजिटल ऋण–जोखिम एवं विनियामक आवश्यकताएं' पर आलेख आमंत्रित किए गए थे. सेमिनार का संचालन दो सत्रों में किया गया

जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी. प्रत्येक सत्र के समापन पर चर्चा सत्र का आयोजन किया गया.

उद्घाटन सत्र में सेमिनार की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए प्रमुख (राजभाषा एवं संसदीय समिति) श्री संजय सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा लगातार 9 वर्षों से हिंदी माध्यम में इस तरह के अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें किसी ज्वलंत विषय पर बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं बीमा कंपनियों के स्टाफ सदस्यों से हिंदी में आलेख आमंत्रित किए जाते हैं एवं श्रेष्ठ आलेखों के लेखकों को प्रस्तुति हेतु सेमिनार में आमंत्रित किया जाता है. वर्तमान समय में डिजिटलीकरण को गति देने तथा इससे संदर्भित प्रक्रियाओं के विषय में जागरूकता लाने के प्रयोजन से डिजिटल ऋण विषय को हिंदी में विचार–मंथन हेतु चयनित किया गया. इस अवसर पर पिछले वर्ष के सेमिनार के लिए प्राप्त और चयनित आलेखों के संकलन की ई–पुस्तक 'बैंकिंग में साइबर अपराध तथा बैंक की एमएसएमई उत्पादों की द्विभाषिक पुस्तिका का विमोचन किया गया. साथ ही, बैंक की पत्रिकाओं से युक्त ऐप बॉब अभिव्यक्ति ऐप 2.0 का भी विमोचन किया गया.

अपने विशेष संबोधन में मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अमृतसर सुश्री जहांजेब अख्तर ने एक प्रासंगिक और समीचीन विषय पर हिंदी माध्यम से सेमिनार आयोजित करने हेतु बैंक ऑफ़ बड़ौदा की सराहना की. इसी क्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के महाप्रबंधक श्री हेमंत कुमार सोनी ने प्रतिवर्ष बैंक द्वारा किसी ज्वलंत विषय पर सेमिनार आयोजित करने को अनुकरणीय बताया. साथ ही, बैंक द्वारा सेमिनार के विषयों के चयन को भी सराहनीय बताया. तदुपरांत, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर–I), के उप निदेशक, (कार्यान्वयन) श्री के पी शर्मा ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप प्रभावी राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना की.

सेमिनार के प्रथम सत्र में डिजिटल ऋण से संबद्ध उप–विषय 'डिजिटल ऋण: चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर आमंत्रित प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी. प्रथम सत्र की अध्यक्षता श्री हेमंत कुमार सोनी, महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल, सह–अध्यक्षता श्री संजय सिंह, प्रमुख – राजभाषा एवं संसदीय समिति, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की तथा संचालन सुश्री बबीता उपाध्याय, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने किया.

सेमिनार के द्वितीय सत्र में 'डिजिटल ऋण–जोखिम एवं विनियामक आवश्यकताएं' विषय पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी. इस सत्र की अध्यक्षता श्री विमल कुमार नेगी, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, चंडीगढ़ अंचल और सह–अध्यक्षता श्री संजय सिंह, प्रमुख – राजभाषा एवं संसदीय समिति, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने की तथा सुश्री मोनिका सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने इस सत्र का संचालन किया. सेमिनार को ज्ञानवर्द्धक और रोचक बनाने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागियों हेतु डिजिटल ऋण विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. अंत में आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.

प्रस्तुति: टीम 'बॉबमैत्री'

देखें सुनें सब की, परंतु दिखाने वाला प्रकाश अपना हो.

पद्मश्री सितांशु यशश्चन्द्र



भाषा और साहित्य समाज के निर्माण और विकास में सहायक होते हैं. हमारी भाषाएं सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान के लिए दर्पण का कार्य करती हैं. इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विविध भाषाओं के मर्मज्ञ पद्मश्री सितांशु यशश्चन्द्र जी से बातचीत की. आप प्रख्यात कवि, नाटककार और शिक्षाविद हैं. आपके अध्ययन, अध्यापन और शोध का मुख्य क्षेत्र गुजराती भाषा और साहित्य रहा है. भाषा और साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2006 में आपको 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया. अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कारों और सम्मानों के तहत 1987 में आपके काव्य संकलन 'जटायु' के लिए आपको 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' प्रदान किया गया. आपके काव्य संग्रह 'वखार' के लिए 2017 में 'सरस्वती सम्मान' से सम्मानित किया गया. आपने एमएस विश्वविद्यालय, वडोदरा में अध्यापन कार्य किया है. आपने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट के कुलपति के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं. आपने सोरबोन विश्वविद्यालय, फ्रांस, लोयोला मैरीमाउंट विश्वविद्यालय, यूएसए और जादवपुर विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दी है. 1977 में आपको साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित भारतीय साहित्य का विश्वकोश (Encyclopedia of Indian Literature) का मुख्य संपादक नियुक्त किया गया. आपने 1993 की हिंदी फिल्म 'माया मेमसाब' की पटकथा भी लिखी है. बॉबमैत्री के इस अंक में हम इनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश अपने पाठकों के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं – कार्यकारी संपादक

कृपया आप अपने प्रारंभिक जीवन और शिक्षा के बारे में कुछ बताएं.

आपसे संवाद करना मेरे लिये अत्यंत खुशी का विषय है! इसके माध्यम से फिर आदरणीय संजय जी एवं पुनीत जी से भी मिलना होगा. हमारी यह आत्मीय बातचीत भले ही एक लघु-विश्व या माइक्रो-कोसम सी लगे, लेकिन उसमें दो बड़े विश्व के संवाद की भी कुछ संभावना है – यथा वाणिज्य विश्व और वाणी विश्व का एक छोटा सा मिलन !

मेरा जन्म कच्छ राज्य के भुज शहर में, 1941 में हुआ. पिताजी, यशश्चंद्र जी, तब कच्छ राज्य के प्रसिद्ध चीफ जस्टिस थे. वे 52 वर्ष की आयु में फरवरी, 1947 में स्वर्गवासी हो गए. मेरी माताजी, पंकजनयना तब 42 वर्ष की थीं. मेरे चार भाई और दो बहनें हैं. हमारा पैतृक निवास वडोदरा के पास पेटलाद में है. वहां हमारी बड़ी हवेली थी, पर छोटा सा शहर. मां हमें विद्याधाम जैसे वडोदरा नगर में ले आई. मेरी प्राथमिक शिक्षा वहीं से शुरु हुई. आगे की पढ़ाई मुंबई में गुजराती एवं संस्कृत साहित्य में हुई. लेकिन, भुज, पेटलाद, वडोदरा, मुंबई विस्थापनों के बीच भी माता के वत्सल वीरत्व का सातत्य बना रहा, वह भी एक पढ़ाई थी. 1968-71 में फुल्ब्राइट स्कॉलरशिप से अमरीका और 1971-72 में फोर्ड फेलोशिप से फ्रांस में पाश्चात्य साहित्य-विद्या का अध्ययन किया. फिर से मुंबई, वहां से दिल्ली (साहित्य अकादमी में 'एंसाइक्लोपीडिया ऑफ इन्डियन लिटरेचर' के चीफ एडिटर के रूप में, 1978 – 82), वडोदरा (एम एस युनिवर्सिटी में गुजराती विभाग में प्रोफेसर, अध्यक्ष, 1982-2003), राजकोट (सौराष्ट्र युनिवर्सिटी में वाइस चांसलर, 1990-93) और अब, 2022 में फिर वडोदरा में, जहां अभ्यास जारी है! मानो एक अविरत आनंद चक्र! – अथवा, मानो बार-बार फेल होने वाला विद्यार्थी एक ही स्कूल में बहुत वर्षों से पढ़ता रहा हो!

आपको लेखन और सृजन की प्रेरणा कहां से मिली.

'प्रेरणा' और 'गुरु' के बारे में दत्तात्रेय जी को एक अच्छा मॉडल मानता हूं. वे स्वयं ही एक सिद्ध गुरु थे, किंतु उन्होंने अपने अनेक गुरु बनाए थे, चौबीस के आसपास! मानो प्रेरणा देने वाली मूर्तियां चारो और हों, मृग

> *साहित्य मेरे लिये विश्व-साहित्य के रूप में प्रकट होता गया. मैं खुली आंखें, खुले कान से उसे देखता, सुनता रहा. एक आनंदमय यात्रा का अनुभव करता रहा...*

से मीन तक, पंछी से अजगर तक, शिशु से सर्प तक! – एक ही शर्त, खासतौर पर हमारे आज के इस ऑप्टिकल इलूजन के समय में देखने के लिए जो प्रकाश चाहिए वह प्रकाश मेरे भीतर से आये. 'आत्म दीपो भव', उसी उजयारे में कुछ पढ़ो, कुछ लिखो. देखें सुनें सब की, परंतु दिखाने वाला प्रकाश अपना हो.

भाषा संबंधी अध्ययन/अध्यापन कार्य के लिए विदेश जाने की शुरुआत कैसे हुई?

मुंबई विश्वविद्यालय में एम.ए. तक तो गुजराती भाषा साहित्य ही मेरे अध्ययन का मुख्य विषय रहा. लेकिन गुजराती साहित्य और भाषा को सन्निकट जाकर देखा तो जाना कि गुजराती भाषा एवं साहित्य को संपोषण देती हुई इसकी बहुतेरी जड़ें हैं और ये जड़ें कहां–कहां तक फैली हुई हैं! संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश; फारसी, अंग्रेजी, पुर्तगाली; मेवाड़ी, मेवाती, मारवाड़ी, खड़ी बोली, ब्रजभाषा; मराठी, तमिल, बांग्ला कहां–कहां तक मेरी मातृभाषा की मूल – जाल (रूट– सिस्टम) फैली हुई है; जैसे हिंदी की भी. बचपन में जब हम वडोदरा में गुल्ली डंडा खेलते थे तो गुल्ली कहां तक गई यह गिनने के लिये तेलुगू भाषा के अंक (1,2,3 आदि) जाने बिना हम बोलते थे: 'वकट, रेंट, लेंड' आदि! यह खेल मध्यकाल में आंध्र प्रदेश से गुजरात आया होगा.

हमारा भारतवर्ष काफी विस्तृत है लेकिन स्नायुबद्ध है – भीतर से पूरा जुडा हुआ है. गुजराती साहित्य के मूल – जाल या रूट सिस्टम को ढूंढते–ढूंढते, एक परिवार सा और बॉटनिस्ट की तरह मैं विविध जगह पहुंच गया. अमरीका में कंपेरेटिव लिटरेचर या साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन में एम.ए. और पीएच. डी. का अध्ययन किया जो इसी यात्रा का एक अंश है. पेरिस की सोर्बोन यूनिवर्सिटी में अध्यापन किया, शोध किया; अमरीका की पेन्सिल्वेनिया और शिकागो यूनिवर्सिटी में अध्यापन एवं शोध किया और फिर कलकत्ता की जादवपुर यूनिवर्सिटी आदि में अध्यापन किया. ये सभी एक ही विद्या–यात्रा के डेरे रहे. क्रमशः, साहित्य मेरे लिये विश्व–साहित्य के रूप में प्रकट होता गया. मैं खुली आंखें, खुले कान से उसे देखता, सुनता रहा...एक आनंदमय यात्रा का अनुभव करता रहा.

जाहिर है कि विदेश में अध्ययन–अध्यापन कार्य आपके लिए बहुत सहज नहीं रहा होगा. कृपया इस संबंध में अपने समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के बारे में बताएं.

खान–पान आदि की छोटी–मोटी कठिनाइयों को दरकिनार (यद्यपि वो कम नहीं थीं) करें तो दो चुनौतियां मुख्य कही जा सकती हैं; पहला, दूसरों के लिये हमारे मन में एकत्रित हमारे पूर्वाग्रह और दूसरा, हमारे लिए एकत्रित दूसरों के पूर्वाग्रह. दो विकराल ग्राह या मगरमच्छ पानी में पड़े राह देख रहे हैं, नदी पार कैसे करें? ऐसे में आप दो चीजें करें; पहला, भारत से विदेश जाने वाले विद्यार्थी या शिक्षक अपने प्रवास के लिए बड़े–बड़े बक्से साथ न ले जाएं. अपने विचारों का बोझ यहीं रख कर प्रस्थान करें. दूसरा, पीटर मारित्सबर्ग रेल्वे स्टेशन का मिथ्याभिमानी मास्टर किसी विदेशी को ट्रेन से धकेल कर प्लेटफॉर्म पर गिरा दे, ये भी कत्तई ठीक नहीं! – अर्थात्, दो सावधानियां मुझे बरतनी पड़ी: साहित्य तथा संस्कृति के बारे में भारत ने मुझे जो दिया था, सब कुछ ले कर मैं

> ***आप पंछी हैं, किसी को अपने पर काटने मत देना. आप ही पेड़ भी हैं, किसी को अपनी जड़ें काटने मत देना. साहित्य आप के पंख हैं. स्वभाषा आपकी जड़ें...***

दूसरी सभ्यताओं के विद्यासंकुलों में नहीं गया, उसमें से जो अनिवार्य था, केवल उसे ही साथ ले गया. दूसरा, विदेशी सभ्यता के भी मिथ्याभिमान होते हैं. खास तौर पर उनका कोलोनियल एरोगन्स कई जगह बरकरार है. उस पर तनिक भी वश न होने का सामर्थ्य तो गांधी ने हमें दिया है – न केवल भारत को, अन्यत्र भी, किंग मंडेला, रूगोवा आदि. पहली दो चुनौतियां, इस तरह अंदर से और बाहर से आती हैं. इनसे निपटा जा सकता है. लेकिन तीसरी समस्या कठिन है: देश– विदेश के इस द्वंद्व से निकलकर एक मानवीय अखिल विश्व की ओर अग्रसर होना. 'सा विद्या या विमुक्तये'.

हमारी दोनों भाषाएं, गुजराती और हिंदी, मानवीय अखिल विश्व की भाषाएं बनें, यही उनकी सच्ची व्यापकता होगी.

शिक्षण कार्य में एक बात बहुत महत्वपूर्ण है कि जो पढ़ाया जा रहा है उसे विद्यार्थी ठीक से समझें . विद्यार्थियों में भाषा संबंधी ज्ञान की समझ सही हो, इसके लिए आपने क्या तरीका अपनाया?

भाषा संबंधी ज्ञान की समझ की बात आपने ठीक ही उठायी है. शिक्षण में प्रत्यायन की समस्या की जड़ें वहीं जाती हैं. उपाय क्या है? अध्यापक क्या कर सकते हैं? जो झुक न सके वह शिक्षक कैसा? जो दूसरे का दृष्टिकोण देख न सके वह मानव कैसा? विद्यार्थी, विशेषतः विश्वविद्यालय कक्षा के विद्यार्थी अपने साथ अपनी सोच, अपने दृष्टिकोण की शक्ति लिये हुए आते हैं, दृष्टि–मर्यादा के बड़े–बड़े बक्से भी साथ लाते हैं! शिक्षक झुक कर विद्यार्थी के हाथ को ऐसे भारी, निरर्थक बोझ से मुक्त करवाता है. 'अन–लर्निंग' (हम इसे 'दुर्विद्या–मुक्ति' कहें?) विद्याभ्यास का प्रथम सोपान है.

अध्यापन में भाषा की समस्या बड़ी है. उसका निराकरण 'लेखन–वाचन' से अधिक 'कथन–श्रवण' में मुझे मिला है. विद्यार्थी भाषा और परिभाषा, दोनों का अर्जन क्लास रूम लेक्चर्स से कहीं अधिक सिम्पोसियम, सेमिनार, गोष्ठी और वन–टु–वन बातचीत से करते हैं. प्राचीन काल के गुरुकुल की तरह अध्यापक के पास विद्यार्थी के लिये समय होना चाहिए, तभी विद्यार्थी विद्या–गिरि के पर्वतारोही बनेंगे. अन्यथा डिजनी वर्ल्ड या अन्य एम्युजमेंट पार्क की 'राइड्स' में चिल्लाते हुए, माता पिता के पैसे बर्बाद कर, भविष्य में समाज का अहित करते रहेंगे. युनिवर्सिटी में जो अध्यापक हैं उनकी अपनी विद्यासाधना ऐसी अविरत होनी चाहिए जिसे देख कर विद्यार्थी अपने आप ही सीखता जाए. इसलिए स्कूल, कॉलेज एवं पब्लिक – प्राइवेट विश्वविद्यालयों का व्यावसायीकरण अविलंब रोकने वाला शासक वर्ग होना चाहिए. लोकशाही राज व्यवस्था में ऐसे शासक वर्ग का चयन प्रजा की जिम्मेदारी है.

भाषा संबंधी ज्ञान की समस्या व्यापक है. कई लोगों के मुख में जा कर मेरी गुजराती भाषा भी परायी सी हो जाती है, समझ नहीं पाता कि सत्ताप्रमत्त

या धनप्रमत्त महानुभाव क्या बोल रहे हैं. अध्यापक कभी भी सत्ताशील नहीं होना चाहिए. झुक कर वो जो बोलेगा, विद्यार्थी समझ जायेगा, भले ही वह ग्रीक या लैटिन हो, संस्कृत या तमिल या हिंदी ही क्यों न हो!

आपके विचार में भारत से बाहर संस्कृत और हिंदी प्राध्यापन की क्या स्थिति है?

विश्वभर में हिंदी का प्राध्यापन विस्तृत हो रहा है, संस्कृत का सिमट रहा है. ऐसी स्वविघातक स्थिति ठीक नहीं है. हिंदी (तथा अन्य कई आधुनिक भारतीय भाषाओं) का प्राध्यापन सही ढंग से करने के लिए हिंदी (और अन्य भारतीय भाषाओं) के पूरे संदर्भ से अवगत होना आवश्यक है. संस्कृत साहित्य को जाने बिना यह संभव नहीं है. कंबन (तमिल) और वाल्मीकि को जाने बिना तुलसी को क्या पहचानेंगे? दूसरी बात रही केवल ऐसी हिंदी भाषा के परिचय की जो वाणिज्य में उपयोगी बने. क्या हिंदी को हम वाणिज्य की भाषा बनाना चाहते हैं? क्या कोई भी भाषा केवल वाणिज्य की भाषा या राज्य सत्ता की भाषा बने रहते हुए एक स्वस्थ, सशक्त मानवीय भाषा बन सकती है? भारत से बाहर न केवल संस्कृत का, न केवल हिंदी का, न केवल तमिल का प्राध्यापन कराने वाले केंद्रों को बढावा देना चाहिये अपितु 'भारतीय साहित्य' के प्राध्यापन को विदेशी विश्वविद्यालयों में बढावा देना चाहिये. अन्य भारतीय भाषाओं से हिंदी भाषा में जो अच्छे और विपुल अनुवाद हो रहे हैं, वे इस दिशा में हिंदी को उपकारक और आवश्यक बनायेंगे.

कृपया विदेशी भाषा को पढ़ाए जाने की सार्थकता के बारे में बताएं .

आपने थ्री-इन-वन जैसा विपरिमाण प्रश्न पूछा है, सुहृद!

प्रथम, हम सब सहमत होंगे कि विद्या को भौगोलिक सीमांकनों की मर्यादा नहीं भाती. विदेशी भाषाएं हम क्यों न पढ़ें? न केवल इंग्लिश, जर्मन, मेंडेरिन बल्कि अरबी भी. 'सर्वभाषा सरस्वती'. विश्व में कहीं भी संस्कृत, हिंदी, गुजराती, तमिल आदि भारतीय भाषाओं का अध्ययन-अध्यापन स्वयं सार्थक है.

दूसरी बात जो आपने कुशलता से पूछी है वह प्रश्न 'सार्थकता' का है. 'सार्थकता' में 'अर्थ' यानी 'वित्त' का संदर्भ भी है. इस रूप में यह प्रश्न अध्यापन के व्यवस्थापन तंत्र का है. वित्तीय व्यवस्था का भी है. कौन सी विदेशी भाषा पढ़ें, किस स्थान पर पढ़ें, कौन पढ़ाये, कौन पढ़े? भाषा के प्राध्यापक का जीवनयापन ठीक से हो और भाषा के विद्यार्थी का आर्थिक भविष्य सुरक्षित हो, यह विचारणीय प्रश्न है?

इन दोनों बातों से अलग एक तीसरी बात है शिक्षा के माध्यम की. मित्र, इस विषय में आज हम क्या बतायें? स्थिति हम सब की ये है कि 'जानामि धर्मं, न च मे प्रवृत्तिः'. एक 'भाषा-महाभारत' अपने विनाशक अंत की ओर संवेग से बढ़ता जा रहा है. आशा रखें कि इस बात का युगांत आ जाए और नये (पुनः सर्जनात्मक) युग का प्रारंभ हो.

विदेशी विद्यार्थियों द्वारा भारतीय भाषाओं और साहित्य के अध्ययन तथा इस संबंध में उनकी जिज्ञासा पर कुछ प्रकाश डालें.

विदेशी विद्यार्थियों, विद्वानों का जिज्ञासा-केंद्र तथा रसिक जनों का रस-केंद्र अब सामान्य (जनरल) नहीं, बल्कि विशिष्ट (स्पेसिफिक) रहता है, ऐसा मेरा अनुभव रहा है. उदाहरणार्थ, अमरीका या यूरोप का निवासी कोई विद्यार्थी अगर गुजराती भाषा या साहित्य का अध्ययन करना चाहता है तो वह गांधी को मूल भाषा में पढ़ना चाहता है (अंग्रेजी अनुवाद से आगे बढ़ने के लिए) और गांधी के जो संदर्भ सामग्री गुजराती भाषा के ग्रंथादि में ही उपलब्ध हैं, उसे पढ़ने के लिए उत्सुक होता है. कोई एंथ्रोपोलोजिस्ट, नृवंशविद्या का विद्यार्थी, गोंड, भील, कूकणा जैसी विशेष 'बोली' सीखना चाहेगा. लिपि विज्ञान भी इसका एक केंद्र है. ऐसे विविध विशिष्ट जिज्ञासा-केंद्रो को ध्यान में रखते हुए प्राध्यापक तथा आयोजक को आगे बढ़ना होगा. 'टनल विजन' न पैदा हो, हम सब 'जिज्ञासु' हों, यही मेरी शुभकामना है. हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसा विद्या-केंद्र स्थापित किया जा सकता है, जहां इन सभी विषयों के विशेषज्ञों को एकत्रित किया जाय और जिज्ञासुओं को हिंदी माध्यम से जानकारी दी जाए. वैश्विक शिक्षा का स्वरूप परिवर्तित हो रहा है.

वैसे तो आपकी अनेक कृतियां अलग-अलग मंचों से सम्मानित हो चुकी हैं किंतु 'जटायु' का साहित्य जगत में विशेष स्थान है जिसके लिए आपको 1987 में राष्ट्रीय साहित्य अकादमी सम्मान प्राप्त हुआ. कृपया इस कृति की विशेषता पर प्रकाश डालें.

पुराकथाओं का नवीनीकरण करना, न कि केवल पुनःकथन (चाहे कितना भी आकर्षक हो), यही सभी भाषा-साहित्यों की हर युग में एक चुनौती होती है, जैसे जेम्स जोय्स ने 'यूलिसिस' उपन्यास में ग्रीक कवि होमर के महाकाव्य 'ओडिसी' का नवकथन ही किया है. 'जटायु' काव्य संग्रह में 'जटायु' एक काव्य रचना है, जो 'प्रह्लाद नी प्रार्थना', 'हनुमान नी एकोक्ति', 'लक्कड बजार' (शबरी और राम की बात) आदि रचनाओं से जुड़ी है. प्रत्येक रचना भारत के किसी न किसी मिथक से जुड़ी है लेकिन उस को दोहराती नहीं है. 'लक्कड बजार' के आरंभ में ही शबरी को राम का संदेश मिलता है कि उन का आना निश्चित नहीं है, हो सका तो वे अवश्य आयेंगे, परंतु नहीं भी आ सकते हैं. काव्यमर्म यह है कि मध्यकालीन भारतीय मनुष्य को मीरा, नरसिंह महेता आदि कवि भक्तों को भी पूरा विश्वास था कि 'राम आयेंगे ही'. आधुनिक पाश्चात्य मनुष्य मानता है कि कोई ऐसा 'ट्रांसेंडेंटल एश्योरेंस' अब बचा नहीं है. आज का भारतीय मानव दुविधा में है. हमारी इस मानवीय परिस्थिति का काव्य है 'लक्कड बजार'. यह एक स्केच था. 'जटायु' काव्यरचना उसी आधुनिक भारतीय दुविधा (न तो मध्यकालीन भारतीय पूर्ण न तो आधुनिक पाश्चात्य पूर्ण वायत्तता या अश्रद्धा) को एक 'नवीन पुराकथा' के रूप में कहने वाला म्युरल है.

''वखार' काव्यसंग्रह 'जटायु' का पश्चातवर्ती पुस्तक है, जिसे 'मॉडर्न' या 'अर्बन' मिथोलॉजी कहते हैं. उसकी दिशा इसी ओर है. इब्राहिम रुगोवा, युगोस्लाविया के विभाजन के पश्चात् कोसोवो रिपब्लिक के चुने गए, शांतिप्रिय गांधीमतानुयायी प्रमुख के बारे में एक रचना उस में है, जो भाषा के प्रश्न को अलग ढंग से प्रस्तुत करती है.

'जटायु, रुगोवा और अन्य कवितायें' (2022), ये सभी रचनाएं हिंदी में पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुकी हैं.

आपने कई भारतीय और विदेशी भाषाओं के पुस्तकों का गुजराती अनुवाद भी किया है. कृपया साहित्य की विविध विधाओं से संबंधित सामग्री के अन्य भाषाओं में अनुवाद के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डालें .

कृति का परायापन विनष्ट किए बिना उसे एक अपनापन कैसे दिया जाए, यह मेरे लिए अनुवाद की कसौटी या चैलेंज है. यह एक तरह की हाइब्रिडिटी या 'संकरता' है. गुजराती भाषी समाज के अनुभवों की, सोच की, रसिकता की सीमाएं कुछ विस्तृत हों, कुछ मेरी भी, तो कितना अच्छा होता, ऐसा कुछ अरमान था और है भी. युजीन आयोनेस्को के नाटक 'माकबेत' (जो शेक्सपीयर के अंग्रेजी नाटक 'मेकबेथ' का फ्रेन्च नवकथन था) का मैंने गुजराती में अनुवाद किया – 'आयोनेस्को के 'माकबेत' का अंग्रेजी अनुवाद होने से पूर्व, मूल फ्रेंच में पढ़ कर और पेरिस में उनके मंचीकरण प्रयोग को देखने के बाद किया! यह बड़ा रोमांचक था. पिछले तीन साल से गुजराती साहित्य परिषद के चुने हुए अध्यक्ष के रूप में, परिषद की पत्रिका 'परब' में विविध भारतीय भाषाओं के आज के कवियों की रचनाओं का गुजराती अनुवाद, प्रत्येक रचना और कवि के बारे में दीर्घ मीमांसात्मक लेखों का अनुवाद करना, एक रोमांचक अनुभव रहा. ऐसे ही रंगमंचों पर प्रयोगात्मक एवं व्यावसायिक नाटय रूपांतरण किया.

पूरी अनुवाद यात्रा का मूल प्रयोजन है मिलना और मिलाना, अल्पपरिचय से आत्मीयता की ओर बढ़ना.

हिंदी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को लेकर आपके क्या विचार हैं?

भारत में हिंदी भाषा का विस्तार व्यापक है. इसका अधिकाधिक उपयोग तब हो सकता है जब हिंदी भारत की अन्य भाषाओं के साहित्य के अच्छे अनुवाद एवं अभ्यास ग्रंथों द्वारा भारतव्यापी प्रस्तुति करे और साहित्य ही नहीं बल्कि अन्य विधाओं के ग्रंथों के नये संशोधन आदि भी विश्व की अन्य भाषाओं से भारत में उपलब्ध करवाए.

अनुवाद, गोष्ठियां, सुनियोजित प्रकाशनें, ब्लॉग्स आदि के माध्यम से हिंदी के आंगन में अन्य भारतीय भाषाओं का मिलन होता रहे, ऐसे आयोजन आप के संरक्षण में होते रहें, ये मेरी शुभेच्छा है. केवल साहित्य ही नहीं, विद्या के सभी क्षेत्रों का समावेश हो तो एक विद्या महोत्सव, अपितु एक दीर्घ विद्या–यज्ञ का आयोजन आपके, हम सबके 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा' में हो सकता है. ऐसे श्रेणीबद्ध आयोजन आपकी क्षमता के दायरे में है, ऐसा मैं देख सका हूं.

भारत की अन्य भाषाओं का विकास भी इसी तरह हो सकेगा. हम सब एक ही नाव में प्रवास करते हैं. सब के साथ तैरना, आगे जाना है.

समावेशी विकास में अंग्रेजी की तुलना में भारतीय भाषाओं की भूमिका को आप कैसे देखते हैं?

अंग्रेजी भाषा की वैश्विक उपयोगिता स्वयंसिद्ध है, लेकिन भारत में इसका प्रयोग अब तक राजकीय, शासकवर्ग या वाणिज्य व्यवस्था क्षेत्र तक सीमित था. अब स्वतंत्र भारत में अंग्रेजी भाषा की पहुंच का दायरा आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ाया जा रहा है. करुण बात तो ये है कि भारतीय भाषाओं के विस्तार को सिमट कर ये हो रहा है. आला अफसरों और विविध राजकीय नेतृत्व की इस नीओकोलोनियल या नव उपनिवेशवादी प्रपंच को अनुमति न हो, बल्कि पूरा सहयोग न हो, ऐसा तो हो नहीं सकता. समावेशी विकास अगर हमारी निजी संपत्ति (प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संपत्ति) के सदुपयोग के आधार पर करना हो (न कि रोड एन्ड बेल्ट या नये नव उपनिवेशवादी तरीके से) तो हमें भारतीय भाषाओं के साधनों से अपनी समृद्धियों का आकलन करना पड़ेगा और सभी भारतीय समाजों के लिए आत्मीयता, अनुकंपा और गौरव का अनुभव करना आवश्यक होगा.

इन सभी कारणों से गुजराती, मराठी, हिंदी आदि सभी भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए और विद्यार्थी यथा रुचि, यथा आवश्यक अंग्रेजी या फ्रेंच या मंदारिन या जापानी या अरबी या कोई भी भाषा सीख सकें (भले ही अगले पांच–सात दशक तक युवा भारत की विदेशी भाषाओं में अंग्रेजी को प्राथमिकता दें).

आपने अध्यापन/लेखन के साथ–साथ वाइस चांसलर जैसे बेहद महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद के दायित्व का निर्वहन किया है. एक शिक्षक / लेखक के रूप में आपने इस पद के निर्वहन में किन चुनौतियों का सामना किया?

मैं कुलपति के रूप में एवं कई विश्वविद्यालयों की सिंडिकेट, सेनेट, कोर्ट आदि के गणमान्य व्यक्ति के रूप में काम करते हुए यह देख सका हूं कि जब तक विश्वविद्यालय के कुलपति (और अन्य सत्तामंडलों के गणमान्य व्यक्ति) स्वयं अध्यापक और स्वयं निरंतर विद्यार्थी नहीं रहेंगे (किसी भी शासक वर्ग का कृपापात्र होने का स्थान स्वीकार करते रहेंगे) तब तक विद्या प्रदान करने और विद्यावर्द्धन का कार्य आगे नहीं बढ़ेगा. कुलपति और सत्तामंडलों के गणमान्य व्यक्तियों का मुख्य कार्य शासकीय नहीं है, शैक्षिक है. तंत्र–व्यवस्था द्वारा निपुण आयोजकों को रजिस्ट्रार के स्थान पर नियुक्त किया जाना चाहिए, न कि कुलपति के रूप में. यह सरल बात कोई समझता नहीं है, ऐसा नहीं है. करुणता तो वही दुःशासन वाली है– 'जानामि धर्मं, न च मे प्रवृत्तिः', कभी–कभी कबीर का थकान भरा स्वर सुनाई देता है– 'धीरे–धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय / माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आये फल होय.'

नई पीढ़ी को भाषा एवं साहित्य के संबंध में आप क्या संदेश देना चाहेंगे.

आप पंछी हैं, किसी को अपने पर काटने मत देना. आप ही पेड़ भी हैं, किसी को आपकी जड़ें काटने मत देना. साहित्य आप के पंख हैं. स्वभाषा आपकी जड़ें.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारियों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

युध्यस्व विगतज्वरः – देश का सर्वाधिक निर्णायक रणक्षेत्र आपके आंगन में है!

और सर्वोपरि बात ये है – **न हि कल्याणकृत्कश्चिदुर्गतिं तात गच्छति**

❖❖❖

Cyber Talk – Role of ChatGPT in Cyber Security

ChatGPT - Friend or Foe?

ChatGPT has received a lot of attention from technology industry & Cyber Security industry. It's a game changer. Indians are riding the tide and adapting to the latest artificial intelligence wave. And if recent reports are to be believed, we are outdoing several other countries. The Corporate Vice President and Chief Marketing Officer of Microsoft, Yusuf Mehdi in an interview revealed some interesting details. Bing recently incorporated Open AI's **ChatGPT** and according to him, **India is one of the top three markets for this search engine.**

ChatGPT is an AI driven chatbot launched by OPEN AI in November 2022 & it's a type of language model that utilises advanced Machine Learning techniques to understand & generate human like text, based on GPT (Generative Pre-Trained Transformer) architecture & has been trained on large dataset. Chat GPT is designed to be fine-tuned for variety of conversational Artificial Intelligence tasks like questioning, searching, designing, dialogue generations or text completion.

All technology can be used for good or evil. And ChatGPT is no exception. A lot has been shared on the web about how ChatGPT can effectively be used. At the end of the day, the tool has ingested a considerable amount of knowledge and – with the limitations underlined before – it can help the bad guys automate, speed up and improve existing bad intention initiatives. **On the other hand, ChatGPT technology can also be used to advance cybersecurity's agenda by organizations.**

- **ChatGPT role in CYBER SECURITY**

  ChatGPT can serve as an AI-powered cybersecurity assistant, offering users real-time, personalized advice and support when dealing with security incidents. This is especially beneficial for organizations to manage a dedicated security team as it gives them access to expert guidance when needed. ChatGPT can analyze vast amounts of data and identify potential threats, such as malware, phishing emails, and suspicious activities on networks. This gives organizations a better understanding of their security posture so that they can take proactive measures to strengthen it.By using machine learning algorithms, ChatGPT can learn from previous cyber-attacks and identify patterns in data that may indicate an impending attack. ChatGPT is a powerful tool for creating conversational AI systems, as it can be easily integrated into existing applications and platforms. ChatGPT can play a significant role in cyber security management for banks.

  On other hand, many users played with ChatGPT in those few weeks to test the innovative AI technology. Cybersecurity researchers were among those testers who found that, even though the application cannot be used to write malicious code or create bombs, it can be bypassed. For example, ChatGPT can be used

and it is very much like the concept of which that 3D printers won't print firearms but can print the parts when asked.

It is important to note that ChatGPT is a neutral tool and can be used for both legitimate and malicious purpose

Let's look at a recent example :

In late December 2022, a thread called "ChatGPT – Benefits of Malware" appeared on a popular underground hacking forum. The thread's publisher revealed that he was experimenting with ChatGPT to recreate malware strains and techniques described in research and write-ups about common malware. He even shared the code of a Python-based stealer that seeks out common file types, copies them to a random folder in the Temp folder, ZIPs them, and then uploads them to a hardcoded FTP server.

In the enterprise space, two particular flavours of cyber attack that experts believe ChatGPT will enable are **business email compromise (BEC) and phishing emails.** Most standard enterprise email security tools are designed to detect and block suspected BEC and phishing attacks. They're trained to recognize the commonly used templates, typos, and other verbiage included in such emails.

However, as we addressed earlier, ChatGPT is a remarkably fast and accurate content creator, so it could potentially allow attackers to generate more unique and convincing content for each and every email they distribute. This will make these attacks harder to differentiate from legitimate emails. To illustrate the scale and seriousness of the potential problem, a threat intelligence researcher recently told Forbes that ChatGPT will be a "great tool" for Russian hackers who're not fluent in English to craft legitimate-looking phishing emails.

THE POTENTIAL THREATS OF CHATGPT

- ✓ As ChatGPT can generate highly coherent and contextually appropriate text, it can be used to generate malicious code that is difficult to detect.
- ✓ The ChatGPT could be used to write highly convincing phishing emails, making it difficult to detect and prevent phishing attacks.
- ✓ Since ChatGPT is a publicly available tool, anyone (non-technical persons) can use it to generate malicious text.
- ✓ Accessibility of ChatGPT to script kiddies, individuals who use pre-existing scripts or tools to carry out cyberattacks without a deep understanding of the underlying technology, enables them to generate malicious code, increasing the number of cyber attacks.

BENEFITS OF CHATGPT

- ✓ Assist in identifying and assessing potential risks by analysing network logs and security alerts, to identify patterns and anomalies.
- ✓ Comply with regulations by generating compliance reports and identify compliance violations.
- ✓ Use of this technology by red teams and blue teams (partially or fully automated with ChatGPT) can be taken to the next level when it comes to cybersecurity penetration testing, vulnerability scanning, bug bounty programs, attack surface discovery/analysis and much more.

CONCLUSION — ITS THE TIME TO UP OUR DEFENSES

ChatGPT has a significant role in the cyber industry, and its influence will only increase over time. Good enough won't be enough- **Effective tools** will need to be exceptionally good just to enter the league.

ChatGPT also creates an opportunity for cybersecurity vendors. The shortage of cybersecurity professionals is a challenge that companies across the globe need to face every day, and likely for years to come. The ability to rely on highly autonomous and intelligent tools will become a need. It allows security pros to identify threats quickly and efficiently, as well as stay ahead of emerging trends and best practices within cybersecurity.

On other hand, same tool can be utilized by cybercriminals to generate convincing and personalised phishing emails or messages, in order to trick victims or data privacy attacks, bias or breaches of information etc., As the threat landscape continues to evolve, the use of ChatGPT in cyber security management for banks will become even more critical.

Deployment of cloud-based security solutions is non-negotiable as a first line of defense in preventing sophisticated mails or phishing emails from reaching the end users. This should include inbound and outbound data loss prevention, email encryption, antivirus, and anti-malware as well as training our internal employees & sensitizing them to handle trickier emails & other phishing, smishing and other attacks time to time.

In conclusion, widespread use of ChatGPT seems inevitable, but in its current avatar, it could equally be a friend or foe to society. It depends on how the application is used without any data compromise or misuse of technology. It's the time for organizations or users to closely monitor these emerging technologies and implement defences as required→ **Fighting fire with fire, with defensive AI.**

❖❖❖

Swapna Bai Khetavatu
Chief Manager (Faculty)
Baroda Academy, Hyderabad

INTERNATIONAL WOMEN'S DAY, 8th MARCH 2023

#SALUTE HER SHAKTI

International Women's Day was celebrated with much fanfare and enthusiasm on 08.03.2023 at Baroda Corporate Centre, Mumbai. All the female staff members were greeted with a rose bud and chocolate.

On this occasion, 3 corporate women General Managers addressed women staff members, working at BCC, Mumbai. The participants were deeply motivated by the specific deliberations by the General Managers on issues ranging from work life balance to achieving professional growth and continuous learning & development.

Usually, there is a practice of inviting esteemed guests from amongst successful women who have marked their success in the Industry or otherwise who have done exceedingly well in their own fields of interest. So this year too, we arranged for felicitation of some prominent and formidable women from Law Enforcement sector. Some of those exceptional women whom we felicitated were Ms. Anjali Dahiya, Lt. Commander from Material Organisation, 1 Lady Representative from Base Logistics, 1 Lady Representative from INHS Ashwini from Indian Navy and 2 Lady Representatives namely, Ms Bhagyashree Vikas Sutar and Ms Sangeeta Baban Jadhav from BKC Police Station. Further, the housekeeping staff members were felicitated by the hands of the GMs for their hard work and continuous support provided to run the office.

This year we donated 3 sewing machines to NGO Vatsalya Trust towards the cause of women empowerment and to receive the same Ms. Ranjana Narvane and Mr. Sanjay Gogate were present at the occasion. Thereafter, there were some fun filled activities with loads of games and other interactive fun activities. The event was graced by our Baroda Shakti Team as well.

The event was attended by around 130+ female staff members and was concluded with evening refreshments for all the participants. The programme received massive response and was well appreciated by one and all.

❖❖❖

Presented by Team Office Administration BCC, Mumbai

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च, 2023 को हमारे विभिन्न अंचलों/ क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. हमारे पाठकों की जानकारी के लिए कुछ कार्यक्रमों की झलकियां प्रस्तुत हैं:

अंचल कार्यालय, जयपुर

प्रधान कार्यालय एवं अंचल कार्यालय, बड़ौदा

अंचल कार्यालय, मुंबई

अंचल कार्यालय, मंगलूरु

अंचल कार्यालय, राजकोट

क्षेत्रीय कार्यालय, कटक

क्षेत्रीय कार्यालय, उडुपी

क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता मेट्रो-2

क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़

क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग

क्षेत्रीय कार्यालय, धमतरी

क्षेत्रीय कार्यालय, नवसारी

क्षेत्रीय कार्यालय, बड़ौदा जिला

क्षेत्रीय कार्यालय, बड़ौदा शहर–II

क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर

क्षेत्रीय कार्यालय, भरूच

क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना

क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर

क्षेत्रीय कार्यालय, वलसाड

क्षेत्रीय कार्यालय, सूरत शहर

क्षेत्रीय कार्यालय, गुलबर्गा

क्षेत्रीय कार्यालय, अमरावती

क्षेत्रीय कार्यालय, जलगांव

क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर

क्षेत्रीय कार्यालय, नासिक

क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे जिला एवं भोलावाडी शाखा

क्षेत्रीय कार्यालय, नवी मुंबई

अंचल कार्यालय, जयपुर

हमारा बैंक सफलता के नित नए सोपान तय कर रहा है और इसके पीछे सभी बड़ौदियन साथियों का अथक परिश्रम है. जयपुर अंचल श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन हेतु बड़ौदा स्पर्श स्कोर के आधार पर जनवरी, 2023 और फरवरी, 2023 माह के दौरान अंचल कार्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान पर रहा है. टीम बॉबमैत्री की ओर से हम जयपुर अंचल की समस्त टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं. आइए जानते हैं अंचल के लीडरों से सफलता के मूलमंत्र – संपादक

सफलता के मूलमंत्र

प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर लेस ब्राउन का कथन है कि - अपने सपने को पूरा करने के लिए तैयार रहें, यह जरूर पूरा होगा, आप जितना सोचते हैं, आप उससे कहीं अधिक योग्य हैं.

कमलेश कुमार चौधरी
महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, जयपुर अंचल

मेरा मानना है कि उक्त कथन जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें अभिप्रेरित करता है. अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निष्ठा, हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच, कठोर श्रम के साथ सतत्प्रयास, हर पल अपनी टीम को साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति और अपनी मातृसंस्था के प्रति सदैव निष्ठावान रहने का भाव ही सफलता के साधन हैं. इन सभी विचारों को हमने अपने जयपुर अंचल में पूरी निष्ठा से लागू करने की कोशिश की है परिणामस्वरूप जयपुर अंचल वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगातार 08 बार कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा आयोजित मासिक रोलिंग ट्रॉफी में प्रथम स्थान पर रहा है. इसी क्रम में अंचल के नेटवर्क उप महाप्रबंधक -1 और 2, उप अंचल प्रमुख व अंचल के 06 क्षेत्रों द्वारा वर्ष भर अधिकतम समयावधि में शीर्षतम स्थानों को अर्जित करना हमारे समन्वित व सार्थक प्रयासों का प्रतिफल है. इन उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए हमने अंचल में कुछ रणनीतियां अपनायी हैं जिन पर चलकर हमें सफलता मिली है जैसे- उच्च प्रबंधन द्वारा प्रदत्त सभी लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रथम कार्य दिवस से ही उचित रणनीति बनाकर कार्य करना, आंचलिक कार्यपालकों सहित अंचल कार्यालय की टीम के द्वारा पूर्ण मनोयोग से फॉलोअप करना, विभिन्न अवसरों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ़ सदस्यों को प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं पुरस्कार के माध्यम से अंचल के व्यवसाय वृद्धि हेतु प्रवृत्त करना ही जयपुर अंचल के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के मूल आधार स्तम्भ हैं.

कहते हैं कि प्रकृति हमारी मेहनत का एक भी कण ज़ाया नहीं करती. उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं हर क्षेत्र में बाज़ार में हिस्सा वृद्धि हमें व्यवसाय को नई ऊचाइयां देने में सहायक होती हैं. इसलिए मेरा सभी बड़ौदियन साथियों से अनुरोध है कि हर पल अपने मातृ संस्था के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से कार्य करें आज नहीं तो कल सफलता अवश्य ही कदम चूमेगी.

अंचल के व्यावसायिक कार्यनिष्पादन एवं प्राप्त पुरस्कार व सम्मान की जानकारी –

Performance of Jaipur Zone as on 31.03.23																In Cr.
	FY 21-22			M-o-M				Current Level 31.03.23					Targets (FY - 2022-23)			
Parameters	Mar'22	Y-o-Y (Abs.)	Y-o-Y (Abs.)	Jan'23	Feb'23-Jan'23	Feb'23	31.03.23-Feb'23	30.03.23	31.03.23	Var over prev day	YTD (Abs.)	YTD (%)	TGT Mar'23	Gap to TGT (Mar'23)	TGT Mar'23 (Abs. Growth)	TGT Mar'23 (% Growth)
Total Business	94087	8581	10.0%	103915	1818	105624	3071	107389	108895	1506	14808	15.7%	109385	-489	15294	16.3%
DEPOSIT:																
Demand	3234	534	19.8%	3340	74	3419	362	3515	3781	266	547	16.9%	3835	-53	600	18.6%
Saving Bank	26019	3187	14.0%	27381	732	28083	488	28211	28571	360	2551	9.8%	30218	-1663	4195	16.1%
CASA Deposit	29254	3721	14.6%	30696	806	31503	650	31726	32352	626	3098	10.6%	34049	-1697	4796	16.4%
CASA Share (%)	54.3%			52.5%		52.6%	0	52.2%	52.9%				55.0%			
Term Deposit	24589	500	2.1%	27528	611	28440	689	29054	29129	55	4540	18.5%	27903	1226	3314	13.5%
Retail Time Dep.	22043	932	4.2%	23432	116	23048	486	24347	24404	57	1441	6.5%	26277	-1873	3314	14.4%
Total Deposit	53843	4226	8.5%	58025	1418	59842	1539	60790	61481	691	7638	14.2%	61952	-471	8109	15.1%
CREDIT:																
Total Advances	40244	4361	12.2%	45300	492	45682	1632	46600	47414	814	7170	17.8%	47432	-18	7188	17.8%
Agriculture	15717	1366	8.6%	16924	138	17062	247	17144	17307	163	1591	10.1%	17297	10	1581	10.1%
MSME Advances	8930	736	8.6%	9811	82	9893	361	9637	10024	487	1094	12.2%	10066	-42	1146	12.8%
Retail Credit (excl. LABOD)	11947	2064	20.8%	14400	272	14662	671	15526	15613	87	3655	30.6%	15500	113	3543	29.6%
Home Loan	6342	795	14.4%	7265	120	7385	306	7552	7591	39	1249	21.3%	7658	81	1266	20.3%
Auto Loan	1780	163	10.1%	2079	33	2112	39	2146	2151	6	373	20.9%	2116	41	336	18.9%
Mortgage Loan	1988	324	19.5%	2281	25	2306	36	2324	2343	26	355	17.9%	2260	83	282	14.7%
Education Loan	315	47	17.3%	360	8	360	4	363	364	1	78	24.8%	370	34	55	17.3%
Personal Loan	1336	707	136%	2401	88	2519	244	2753	2764	11	1428	106.9%	2790	-16	1444	108.1%
Corporate Loan	1900	-120	-6.1%	2218	83	2301	230	2519	2550	32	555	29.7%	2875	-325	910	48.3%

अंचल का कुल कारोबार मार्च 22 के रु. 94087 करोड़ से 15.7% की वार्षिक वृद्धि के साथ मार्च 2023 को रु. 108895 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है.

- अंचल ने मांग जमा में रु. 547 करोड़ रुपये (16.9%), बचत जमा में रु. 2551 करोड़ (9.8%), सावधि जमा में रु. 4540 करोड़ रुपये (18.5%), कुल अग्रिमों में रु. 7170 करोड़ (17.8%), कृषि ऋण में रु. 1591 करोड़ (10.1%), एमएसएमई ऋण में रु. 1094 करोड़ (12.2%) की वृद्धि दर्ज की है.
- अंचल में वसूली और अपग्रेडेशन में एनपीए का स्तर मार्च 22 के 3.27% कटौती के सापेक्ष मार्च 23 में 2.22% रह गया और कलेक्शन एफिसिएन्सी 31.03.2022 के 85% से बढ़कर 31.03.2023 को 90% हो गई.
- अंचल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 12.72 लाख बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन कर एक कीर्तिमान बनाया है.
- अंचल में मार्च 2023 तक 2 वर्ष और उससे अधिक पुरानी हानि दर्शाने वाली शाखाएँ शून्य हैं.
- अंचल ने वित्तीय वर्ष 23 के कई व्यावसायिक मानदंडों जिसमें मयादी जमा, कृषि अग्रिम, बीकेसीसी अग्रिम, खुदरा ऋण, गृह ऋण के लक्ष्यों को पार कर लिया है.
- अंचल ने वित्तीय वर्ष 23 के सी वी/सी एम ई अग्रिम में रु. 136 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष रु. 213.71 करोड़ की प्राप्ति की.
- अंचल में कासा जमा 10.60 % वार्षिक वृद्धि के साथ रु. 32352 करोड़ के स्तर पर पहुंचा.
- अंचल ने वित्तीय वर्ष 23 के दौरान प्राप्त 15000 इकाई फास्टैग विक्रय लक्ष्य के सापेक्ष 43000 फास्टैग विक्रय कर 279.32% की वृद्धि हासिल कर अभूतपूर्व कार्यनिष्पादन किया है.
- अंचल में पीएमजेजेबीवाई आवेदनों के 3.48 लाख पंजीकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3.50 लाख खाते पंजीकृत किए गए.
- वित्त वर्ष 2022-23 में अंचल में अनुपालन का स्तर भी उत्कृष्ट रहा और प्रधान कार्यालय द्वारा आयोजित अभियानों जैसे – मिशन तिजोरी, वैकेंट लॉकर केआरआई, डोर स्टेप बैंकिंग संबंधी अभियान डीएसबी मिशन- 5 लाख आदि में अंचल को अखिल भारतीय स्तर पर शीर्षतम पुरस्कार प्राप्त हुए.
- दिनांक 16.01.23 से 31.03.23 तक आयोजित चैम्पियंस ऑफ़ चैंपियन अभियान में अंचल ने अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया.
- दिनांक 16.01.23 से 31.03.23 तक एमएसएमई विभाग द्वारा आयोजित लास्ट माइल अभियान में अंचल का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा और प्रदत्त लक्ष्य से अधिक का व्यवसाय संग्रहित किया और अंचल के 12 क्षेत्रों में से 09 क्षेत्रों ने लक्ष्य प्राप्त किए.
- वित्त वर्ष 2022-23 में अंचल को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भी विभिन्न 06 पुरस्कार प्राप्त हुए.
- मार्च तिमाही के दौरान प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित निरीक्षण में विलक्षण अभियान में जयपुर अंचल प्रथम स्थान पर रहा.

में कुल जमा में रु 712 करोड़ की बढ़त दी है.. अलवर क्षेत्र कासा प्रीमियर लीग अभियान में सम्पूर्ण भारत में early bird चुना गया. साथ ही कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा चलाये गए सभी कासा के अभियानो में सदैव अपने ग्रुप में प्रथम -10- स्थानो में रहा.

अंचल के शीर्ष कार्यनिष्पादन वाले क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रमुख से जाने सफलता के मूलमंत्र

मनोज गुप्ता
उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख,
जयपुर क्षेत्र

जयपुर क्षेत्र ने व्यावसायिक मापदण्डों में उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन के साथ इस वित्तीय वर्ष का समापन किया है. इसका श्रेय पूरी तरह से जाता है उच्च प्रबंधन के कुशल मार्गदर्शन और जयपुर शहर की शाखाओं एवं कार्यालयों में कार्यरत सभी बड़ौदियन्स को जिन्होंने प्रबंधन की हर एक कॉल को न केवल पूरी गंभीरता के साथ लिया अपितु दिए

गए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरे दमखम के साथ सार्थक प्रयास किए. टीम जयपुर विचारों से भरी हुई एक ऐसी ऊर्जावान टीम है जिसके पास नए विचार हैं और उन विचारों को कार्यरूप में बदलने की इच्छाशक्ति भी है. इसी का परिणाम है कि :

- क्षेत्र ने कुल व्यवसाय में 18.30% की ग्रोथ के साथ वित्तीय वर्ष 2021–22 के कुल जमा, टर्म डिपॉज़िट, चालू एवं कासा जमाओं में बेहतर वृद्धि दर के साथ लक्ष्यों को हासिल किया और कासा की बरसात तथा दृढ़ निश्चय अभियान के दौरान प्रबंधन की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया. मीट एण्ड ग्रीट अभियान के अंतर्गत एचएनआई एवं वर्तमान ग्राहकों के साथ मिलकर उनसे कासा संग्रहण किए जाने के प्रयासों का परिणाम हुआ कि क्षेत्र की बचत खाते खोलने की दर 5 प्रतिदिन/प्रति शाखा रही, वहीं चालू खाते की दर 6 प्रतिमाह/प्रति शाखा रही.
- बैंक की प्राथमिकताओं के अनुसार काम करते हुए क्षेत्र ने रिटेल अग्रिम, ऑटो, मॉर्गेज, शिक्षा, गोल्ड, होम और पर्सनल लोन के लक्ष्यों को अच्छे मार्जिन से पार किया तथा एमएसएमई ऋण संवितरण का लक्ष्य भी अर्जित किया. होम लोन पर विशेष फोकस करते हुए क्षेत्र ने लक्ष्य से 50 करोड़ अधिक का संवितरण करते हुए 25.70% की YOY वृद्धि के साथ वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त किया. डिजिटल पर्सनल लोन संवितरण में भी 108.5% की YTD वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष का समापन किया.
- क्षेत्र का एनपीए स्तर मार्च 2022 की समाप्ति पर रु. 397 करोड़ था जो कि मार्च–2023 की समाप्ति पर रु. 380.10 करोड़ रहा. एसेट क्वालिटी में क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए AQI अभियान के दौरान श्रेष्ठ क्षेत्रों में स्थान सुरक्षित किया. साथ ही, कलेक्शन एफिसिएंशी में श्रेष्ठ प्रयास करते हुए 97% के बेंचमार्क के सापेक्ष 97.07% का स्तर प्राप्त किया.
- एक लाख से भी अधिक बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन्स कर बैंक के डिजिटल ऑन–बोर्डिंग के लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया. क्षेत्र की एटीएम उपलब्धता वर्षपर्यंत 90% से अधिक रही.
- क्षेत्र ने चिन्हित शाखाओं द्वारा गोल्ड लोन की प्रभावी ब्रांडिंग और निर्धारित TAT के भीतर ऋण संवितरित किए जाने की रणनीति पर काम किया. इससे क्षेत्र ने गोल्ड लोन संवितरण में 79% की YTD ग्रोथ के साथ वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया तथा गोल्ड रश अभियान के दौरान भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया.
- एचपीसीएल क्रेडिट कार्ड अभियान 'पावरप्ले' में लक्ष्य के सापेक्ष 147% उपलब्धि के साथ क्षेत्र अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा, वहीं धन–सम्पदा उत्पादों के विक्रय में क्षेत्र बड़ौदा प्रीमियर लीग का विजेता भी बना.
- क्षेत्र की परिचालन टीम्स ने मिशन तिजोरी के दौरान अधिकतम लॉकर आबंटन, अतिदेय लॉकर रेंट की वसूली एवं डोरस्टेप बैंकिंग में ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के साथ KRI–1, KRI–2 मानकों के अनुपालन के क्षेत्र में भी अच्छा कार्य किया.

जयपुर क्षेत्र ने शुरू से ही शाखा टीमों के साथ बेहतर सामंजस्य, उचित मोटिवेशन और स्पॉट रेकोग्निशन पर विशेष बल दिया ताकि क्षेत्र का प्रत्येक बड़ौदियन प्रसन्नचित्त होकर स्व–उत्तरदायित्व की भावना के साथ काम करे. शाखा प्रमुखों, परिचालन एवं क्रेडिट अधिकारियों के साथ साप्ताहिक आधार पर अलग–अलग ऑनलाइन बैठकों के दौरान लक्ष्यों के निर्धारण एवं दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग के साथ क्षेत्र ने व्यवसाय के हर मापदंड पर काम किया. इस दौरान स्टाफ सदस्यों के ज्ञान संवर्धन पर भी विशेष ध्यान गया. वर्षपर्यंत विभिन्न विभागों के समन्वय में अलग–अलग विषयों पर ज्ञान सत्र आयोजित किए गए. शाखाओं एवं स्टाफ सदस्यों की व्यावसायिक उपलब्धियों को मंच प्रदान किए जाने के उद्देश्य से सितम्बर 2022 से क्षेत्र की तिमाही ई–पत्रिका 'म्हारौ जयपुर' के प्रकाशन की शुरुआत की गई. साथ ही, प्रत्येक माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य–निष्पादन वाली शाखाओं की एलिट क्लब रैंकिंग समयानुसार जारी की गई तथा प्रथम –5– शाखाओं को मासिक अंतराल पर क्षेत्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया.

राजेश कुमार शर्मा,
क्षेत्रीय प्रमुख, अलवर क्षेत्र

अलवर क्षेत्र सदैव ही जयपुर अंचल में स्थित सभी क्षेत्रो में अपनी अलग पहचान बनाए रखता है. किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय का निष्पादन यदि बेहतर से बेहतरीन होता है और वह ध्रुव तारे की तरह आकाश में चमकता है तो उसके पीछे सभी का योगदान होता है.

कारोबार संबंधी जितने भी मानदंड हैं, जो भी लक्ष्य आंचलिक कार्यालय द्वारा हमारे क्षेत्रीय कार्यालय को दिए गए चाहे वह खातों को खोलने से संबंधित हो, जमा राशियों को जुटाने से संबंधित हो या थर्ड पार्टी से संबंधित व्यवसाय को लेकर हो, हर क्षेत्र में हमने सफलता के साथ अपने लक्ष्य को पूरा किया है. साथ ही बैंक द्वारा चलाये जा रहे सभी अभियानों में क्षेत्र की हमेशा सक्रिय भागीदारी रहती है.

कोई भी क्षेत्र बेहतर कुशल दक्ष और प्रतिभावान टीम होने के बावजूद भी तब तक अपने प्रदर्शन को बेहतर नहीं बना सकता जब तक कि उससे जुड़ी हुई शाखाएं और शाखाओं के शाखा प्रमुख तथा शाखा के सभी सदस्य किसी न किसी रूप में अपना योगदान ना दें. इसी को ध्यान में रखते हुये हमने हमेशा टीम का उत्साहवर्द्धन किया व इसी वजह से सम्पूर्ण टीम ने बैंक के सभी अभियानो में सक्रिय रूप से भाग लिया.

हमारी टीम के सहयोग से ही वित्तीय वर्ष 2022–23 में हमारा क्षेत्र GEMS रैंकिंग में अखिल भारतीय स्तर पर सदैव शीर्ष –10– स्थानों पर रहा है. मैं वित्तीय वर्ष 2022–23 में क्षेत्र के अतुलनीय प्रदर्शन हेतु अपनी समस्त टीम को हृदय से आभार एवं धन्यवाद देना चाहता हूं.

हर सपने को अपनी आंखो में रखो,
हर मंजिल को अपनी बाहो में रखो,
हर जीत आपकी है,
बस अपने लक्ष्यो को अपनी निगाहों में रखो.

अलवर क्षेत्र की शीर्ष कार्यनिष्पादन वाली शाखाओं के शाखा प्रमुख से जानें सफलता के मूलमंत्र

राजावास शाखा

जयपुर जिले में स्थित राजावास शाखा का नेतृत्व वरिष्ठ प्रबन्धक श्री कुलदीप सिंह मीना द्वारा किया जा रहा है. श्री मीना द्वारा दिनांक 01.08.2022 को शाखा का कार्यभार ग्रहण किया गया था और तभी से राजावास शाखा न ही सिर्फ अलवर क्षेत्र में अपितु जयपुर अंचल में भी ग्रामीण शाखाओं में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखी है. शाखा में कुल 6 स्टाफ सदस्य हैं. वित्तीय वर्ष 2022–23 में शाखा ने अपने चालू जमा, बचत जमा, सावधि जमा, कुल जमा, खुदरा अग्रिम, कृषि अग्रिम, MSME, गृह ऋण, वाहन ऋण, मॉर्गेज ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, रिकवरी, क्रेडिट कार्ड एवं बॉब वर्ल्ड के लक्ष्य प्राप्त किए हैं. मार्च 2023 में शाखा का कुल व्यवसाय रु 82.16 करोड़ रहा. शाखा द्वारा सदैव ही सभी अभियानों में बढ़चढ़कर भाग लिया जाता हैं जो श्री मीना के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है जिसके फलस्वरूप शाखा वित्तीय वर्ष 2022–23 में क्षेत्र में Monthly GEMS ranking में प्रथम स्थान पर रही हैं.

बगराना शाखा

जयपुर जिले में स्थित बगराना शाखा का सदैव ही अलवर क्षेत्र के व्यवसाय में अच्छा योगदान रहा है. वरिष्ठ प्रबन्धक श्री हर गोविंद मीना द्वारा दिनांक 17.08.2021 से शाखा की बागडोर सम्हाली गयी है. शाखा का वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल व्यवसाय रु 108.01 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 2022–23 में शाखा ने अपने चालू जमा, बचत जमा, कासा जमा, सावधि जमा, कुल जमा, खुदरा अग्रिम, कृषि अग्रिम, MSME, गृह ऋण, मॉर्गेज ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, रिकवरी, क्रेडिट कार्ड एवं बॉब वर्ल्ड के लक्ष्य प्राप्त किए है. श्री मीना व उनकी शाखा में पदस्थापित सभी 10 स्टाफ सदस्यों द्वारा बैंक के सभी अभियानो में सदैव ही सक्रिय भागीदारी रही है.

बगरु शाखा

जयपुर जिले में स्थित बगरु शाखा का सदैव ही अलवर क्षेत्र के व्यवसाय में अच्छा योगदान रहा है. वरिष्ठ प्रबन्धक श्री प्रद्युम्न सिंह कुशवाहा द्वारा दिनांक 27.10.2022 से शाखा की बागडोर सम्हाली गयी है. शाखा का वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल व्यवसाय रु 185.02 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 2022–23 में शाखा ने अपने चालू जमा, सावधि जमा, कुल जमा, खुदरा अग्रिम, कृषि अग्रिम, MSME, गृह ऋण, मॉर्गेज ऋण एवं शिक्षा ऋण के लक्ष्य प्राप्त किए हैं. श्री कुशवाहा व उनकी शाखा में पदस्थापित सभी 14 स्टाफ सदस्यों द्वारा बैंक के सभी अभियानो में सदैव ही सक्रिय भागीदारी रही है.

बुधविहार शाखा

मुख्य प्रबन्धक श्री सी के शर्मा अलवर क्षेत्र में बुधविहार शाखा के प्रमुख हैं. श्री शर्मा जी द्वारा 17.09.2022 को बुधविहार शाखा का कार्यभार ग्रहण किया गया था. इनके द्वारा मात्र –6– महीनो में ही शाखा के कुल व्यवसाय में रु. 40 करोड़ की बढ़त दी गयी है. इनके नेतृत्व में शाखा वित्तीय वर्ष 2022–23 में 95 गृह ऋण, रु 13.53 करोड़ के साथ अलवर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रही. साथ ही WMS व्यवसाय में इनकी शाखा का प्रदर्शन अतुलनीय रहा. Monthly GEMS ranking में मार्च 2023 में इनके कुशल नेतृत्व में, शाखा अलवर क्षेत्र में तृतीय स्थान पर रही.

हाथोज शाखा

मुख्य प्रबन्धक श्री ललित कुमार सूंथवाल अलवर क्षेत्र में हाथोज के शाखा प्रमुख हैं. श्री सूंथवाल द्वारा 28.12.2021 को हाथोज शाखा का कार्यभार ग्रहण किया गया था. वित्तीय वर्ष 2022–23 में शाखा ने अपने चालू जमा, बचत जमा, सावधि जमा, कुल जमा, खुदरा अग्रिम, कृषि अग्रिम, MSME, गृह ऋण, वाहन ऋण, मॉर्गेज ऋण, वैयक्तिक ऋण के लक्ष्य प्राप्त किए हैं. साथ ही WMS व्यवसाय में इनकी शाखा का प्रदर्शन अतुलनीय रहा. Monthly GEMS ranking में मार्च 2023 में इनके कुशल नेतृत्व में शाखा अलवर क्षेत्र में पांचवें स्थान पर रही.

चिराग जेठवानी

मुख्य प्रबन्धक श्री चिराग जेठवानी अलवर क्षेत्र में RBDM के पद पर कार्यरत हैं. श्री जेठवानी के अथक प्रयासों की वजह से ही अलवर क्षेत्र मार्च 2023 में अपने चालू जमा, सावधि जमा, कुल जमा के लक्ष्य प्राप्त कर पाया. साथ ही अलवर क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2022–23

❖❖❖

क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा

हमारा बैंक सफलता के नित नए सोपान तय कर रहा है और इसके पीछे सभी बड़ौदियन साथियों का अथक परिश्रम है. क्षेत्रीय कार्यालयों की श्रेणी में भीलवाड़ा क्षेत्र श्रेष्ठ कार्य–निष्पादन हेतु बड़ौदा स्पर्श स्कोर के आधार पर जनवरी, 2023 और फरवरी, 2023 माह के दौरान क्षेत्रीय कार्यालयों की श्रेणी में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहा है. टीम बॉबमैत्री की ओर से हम भीलवाड़ा क्षेत्र की समस्त टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं. आइए जानते हैं क्षेत्र के लीडरों से सफलता के मूलमंत्र – संपादक

सफलता के मूलमंत्र

हमारे बैंक का व्यवसाय निरंतर उत्तरोतर वृद्धि के साथ साथ बैंकिंग जगत में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. भीलवाडा क्षेत्र की टीम के समन्वित प्रयासों से ही क्षेत्रीय कार्यालयो की श्रेणी में हमारा क्षेत्र श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु अखिल भारतीय स्तर पर क्षेत्रों की मासिक रोलिंग रैंकिंग ट्रॉफी के आधार पर जनवरी 2023 माह में द्वितीय और फरवरी 2023 माह में तृतीय स्थान पर रहा है. भीलवाड़ा क्षेत्र की जुझारू, कर्मठ, अपने कार्य के प्रति समर्पित टीम के प्रत्येक सदस्य जिसमें प्रत्येक शाखा प्रबंधक, शाखा के स्टाफ सदस्य, क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य, बीसी मित्र, बीसी सुपरवाइजर शामिल हैं, को इस उपलब्धि का श्रेय जाता है.

आर पी मीना
सहायक महाप्रबंधक एवं
क्षेत्रीय प्रमुख

अभिषेक कमल
मुख्य प्रबंधक एवं
उप क्षेत्रीय प्रमुख

जनवरी–मार्च, 2023 तिमाही के दौरान भीलवाड़ा क्षेत्र के व्यावसायिक कार्य–निष्पादन की उल्लेखनीय बातें:

मार्च तिमाही में क्षेत्र का कुल व्यवसाय रु. 10993 करोड़ रहा.

- क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2022–23 में टर्मिनल जमा व्यवसाय में बचत जमा में रु. 306.07 करोड़ (13.48%), कुल कासा जमा में रु. 318.62 करोड़ (12.64%) रिटेल सावधि जमा में रु. 245.00 करोड़ (14.14 %) तथा कुल जमा में रु. 563.62 करोड़ (13.25%) की वृद्धि दर्शायी है. क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2022–23 मे औसत जमा व्यवसाय में कुल कासा जमा में रु. 311.14 करोड़ (13.78%) की वृद्धि दर्शायी है एवं औसत कासा जमा व्यवसाय में वार्षिक लक्ष्यों को 103% से प्राप्त किया है.
- कासा खाते : वित्तीय वर्ष 2022–23 में क्षेत्र द्वारा 6.20 खाते प्रति दिन प्रति शाखा की दर से कुल 115605 बचत खाते खोले गए हैं जिसमें से 4.20 खाते प्रति दिन प्रति शाखा की दर से 78343 नॉन एफ आई बचत खाते खोले गए हैं. साथ ही वित्तीय वर्ष 23 में 2830 चालू खाते खोले गए जिनकी दर 3.60 खाते प्रति माह प्रति शाखा है.
- वित्तीय वर्ष 22–23 में क्षेत्र द्वारा कुल अग्रिम तथा अग्रिम के सभी सेगमेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है. वित्तीय वर्ष 2022–23 में क्षेत्र ने कुल रिटेल ऋण, कुल कृषि ऋण, कुल गृह ऋण, कुल कार ऋण, कुल बंधक ऋण, कुल शिक्षा ऋण एवं कुल गोल्ड ऋण, कुल मिड कॉर्पोरेट ऋण में मार्च 23 के लक्ष्यों को प्राप्त किया है.
- ऋणात्मक वृद्धि वाली शाखाएँ : हमारे द्वारा ऋणात्मक वृद्धि वाली शाखाओं में कमी करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर विशेष टीम का गठन कर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है तथा प्रत्येक शाखा से रणनीति की चर्चा भी की गयी है. परिणाम स्वरूप क्षेत्र की ऋणात्मक वृद्धि वाली शाखा मार्च 23 में शून्य रही हैं.
- भीलवाड़ा क्षेत्र द्वारा डिजिटल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है.
- क्षेत्र की प्रत्येक शाखा में 97%–98% Transaction डिजिटल मोड पर निष्पादित किए जा रहे हैं.
- दिनांक 31/03/2023 तक बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन का आबंटित लक्ष्य 123130 था जिसके सापेक्ष 131067 106.40 % की उपलब्धि रही. प्राप्त किया.
- डिजिटल चेम्पियंस का समूह बनाया गया है, डिजिटल चेम्पियंस की मासिक समीक्षा बैठक की जाती है. इसमें उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने पर क्षेत्रीय समिति की बैठक में पुरस्कृत किया जाता है.
- एन पी ए वसूली में जनवरी– मार्च 23 के रु. 7.75 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष रु. 9.69 करोड़ की वसूली कर लक्ष्यों का 125% प्राप्त किया गया है.
- जनवरी से मार्च 2023 तिमाही में होम लोन के 97 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष, रु. 112.13 करोड़ का लक्ष्य हासिल कर लक्ष्यों का 115% प्राप्त किया गया है.
- जनवरी – मार्च 23 में गोल्ड लोन (कृषि) में रु. 7.92 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष रु. 15.67 करोड़ प्राप्त किया जो लक्ष्यो का 197.85% है.
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में जनवरी– मार्च 23 के रु. 47 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष रु. 56 करोड़ प्राप्त किया जो लक्ष्यो का 119% है

(राशि करोड़ों में)

कुल मांग जमा	263
कुल बचत जमा	2576
कुल कासा जमा	2839
कुल कासा %	59
कुल सावधि जमा	1977
कुल रिटेल सावधि	1875
कुल बल्क सावधि	102
कुल जमा	4817
कुल अग्रिम	6176
कुल रिटेल ऋण	1624
कुल कृषि ऋण	1966
कुल एमएसएमई ऋण	1416
कुल कॉर्पोरेट ऋण	1060
कुल लाबोड़ ऋण	36
कुल स्टाफ ऋण	73
कुल रिटेल ऋण	
रिटेल ऋण/ (लाबोड को छोड़कर)	1624
गृह ऋण	896
आँटो	158
बंधक ऋण	305
शिक्षा ऋण	20
स्वर्ण ऋण	5
व्यैयक्तिक ऋण	240

क्षेत्र की शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वाली शाखाओं के शाखा प्रमुखों से जानें सफलता के मूलमंत्र

सरेडी शाखा

सरेडी शाखा हमारे क्षेत्र की ग्रामीण श्रेणी की शाखा है, शाखा ने वार्षिक आवंटित लक्ष्य के विभिन्न व्यवसायिक मापदंडों को प्राप्त किया है बल्कि लक्ष्यों से अधिक व्यवसाय कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है.

– श्री के एन मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख, सरडी शाखा

बारूखेड़ा शाखा

बारूखेड़ा शाखा हमारे क्षेत्र की ग्रामीण श्रेणी की शाखा है, शाखा ने आबंटित वार्षिक लक्ष्य के विभिन्न व्यवसायिक मापदंडों को न केवल प्राप्त किया है बल्कि लक्ष्यों से अधिक व्यवसाय कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है.

– श्री एस के गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख, बारूखेड़ा शाखा

शिवाजी गार्डन शाखा

शिवाजी गार्डन शाखा हमारे क्षेत्र की शहरी श्रेणी की शाखा है, शाखा ने आबंटित वार्षिक लक्ष्य के विभिन्न व्यवसायिक मापदंडों को न केवल प्राप्त किया है बल्कि लक्ष्यों से अधिक व्यवसाय कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है.

– श्री भरत जानी, मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख,
शिवाजी गार्डन शाखा

सुभाष नगर शाखा

सुभाष नगर शाखा हमारे क्षेत्र की शहरी श्रेणी की शाखा है, शाखा ने वार्षिक आबंटित लक्ष्य के विभिन्न व्यवसायिक मापदंडों को न केवल प्राप्त

किया है बल्कि लक्ष्यों से अधिक व्यवसाय कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है.

– श्री मन मोहन मीना, मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख,
सुभाष नगर शाखा

क्षेत्र के शीर्ष कार्यनिष्पादनकर्ता विभाग

- वसूली विभाग द्वारा जनवरी– मार्च 23 के रु. 7.75 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष रु. 9.69 करोड़ की वसूली कर लक्ष्य का 125% प्राप्त किया गया है.
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र विभाग ने आबंटित वार्षिक लक्ष्यों के विभिन्न व्यवसायिक मापदंडों को न केवल प्राप्त किया है बल्कि लक्ष्यों से अधिक व्यवसाय कर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया है.
- एस एम एस टीम भीलवाड़ा द्वारा ग्रह ऋण के आबंटित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त किया गया है व अग्रिम विभाग द्वारा रिटेल ऋण के आबंटित लक्ष्य को प्राप्त किया गया है.
- सूचना प्रौद्योगिकी एवं ईसीएम विभाग द्वारा 31/03/2023 तक बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन के आबंटित लक्ष्य 123130 के सापेक्ष 131067 106.40 % की उपलब्धि हासिल की गई है.

वसूली विभाग

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र विभाग

एसएमएस टीम, भीलवाड़ा

सूचना प्रौद्योगिकी एवं ईसीएम टीम

भीलवाड़ा क्षेत्र को प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान

Sr. No.	Name of Campaign	Achievement
1	Azadi Ka Amrit Mahotsav from 28th March to 12th June, 2022	Only Bhilwara Region in Jaipur Zone achieved the allotted target of PMJJBY, PMSBY & Account Opening.
2	BC Loan Leads Campaign from 6th April to 30th Sept 2022	Bhilwara Region achieved 1st Position in Group A
3	DFS Five Year Roadmap for Micro-Insurance Enrollment 01st June 2022 to 31st May 2023	Bhilwara Region achieved the allotted target. Bhilwara Region enrolled highest no. of PMJJBY & PMSBY in Pan India
4	Double Century (Tractor)	1st Position in our category
5	Mission 501 (BKCC)	Pan India 2nd Position
6	Gold Rush	Pan India 3rd Position
7	Gold Loan Ke Superstar	1st Position Pan India
8	BOB WORLD COUNT YOUR STARS	Pan india no. 1 in terms of activations. Pan india no. 3 in terms of percentage achievement. Highest 26 branches surpassed the100% targets.
9	DIGITAL RAFTAAR: (15-09-2022 To 14-12-2022)	Pan india number 1 in all products categories for all milestone1, 2 and 3. Overall Points Accumulated Pan India Number 1 In Digital Raftaar Campaign

❖❖❖

आत्मनिर्भर भारत में डिजिटल बैंकिंग का महत्व

भूमिका

'आत्म' अर्थात् स्वयं तथा 'निर्भर' अर्थात् आश्रित, 'आत्मनिर्भर'. इस शब्द की संरचना इन्हीं दो शब्दों से मिलकर हुई है. इस प्रकार आत्मनिर्भर' शब्द से अभिप्राय है 'स्वयं पर आश्रित होना' या अन्य शब्दों में कहा जाये तो आत्मनिर्भरता का तात्पर्य है अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्वयं सक्षम बनना ताकि अपनी ज़रूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित न रहना पड़े. यद्यपि यह शब्द नया नहीं है, परंतु विगत कुछ वर्षों में इसका काफ़ी प्रचार-प्रसार व उल्लेख रहा है. अक्सर अख़बारों, टेलीविज़न, मोबाइल व सूचना के अन्य माध्यमों से यह शब्द हमारा ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता रहा है. इसकी एक प्रमुख वजह है 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान. हमारे गौरवशाली भारत देश को विश्व में और भी अधिक सक्षम, मज़बूत और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया यह अभियान अपनी पूरी रफ़्तार के साथ काफ़ी सफ़र तय कर चुका है तथा अभी भी इसे काफ़ी आगे तक जाना जिसके लिए यह निरंतर गतिशील और प्रगति पथ पर अग्रसर है. इस प्रगति मार्ग में आपदा और प्राकृतिक परिवेश में परिवर्तन के साथ-साथ अन्य कई चुनौतियां हैं जिसमें से हमें छुपे हुए अवसरों को ढूँढना है और राष्ट्रहित में इस अभियान को सफल बनाना है. इसके साथ ही तेज़ी से बदलती बैंकिंग प्रणाली जो कि मैनुअल से डिजिटल दिशा की ओर अग्रसर हो चुकी है, उसका अपना ही एक अलग महत्व है जिसके बिना बैंक और बैंकिंग उद्योग एक कल्पना मात्र ही है.

डिजिटल बैंकिंग क्या है

जिस प्रकार पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल तकनीक ने हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को काफी हद तक प्रभावित किया है, उससे एक निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि आज शायद ही कोई क्षेत्र होगा जो डिजिटल प्रणाली से अछूता रहा होगा. लोगों के बीच सूचना संचार, पढ़ाई, नौकरी एवम् बैंकिंग सब कुछ डिजिटल माध्यम से ही हो रहा है. इस प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण फायदा यह है कि कोई भी कहीं से भी सेवाओं का लाभ उठा सकता है जिसके लिये मात्र इंटरनेट की सुविधा की आवश्यकता है. यह सुविधा आजकल लगभग सभी मोबाइल फोन में बहुत ही नाम मात्र दरों पर उपलब्ध है.

मूलत: डिजिटल शब्द कंप्यूटर के 'डिजिट' शब्द से बना है जिसमें सभी निर्देश '0' और '1' के रूप में होते हैं. इसी तकनीक का उपयोग एक व्यापक डिजिटल प्रणाली को स्थापित करता है. बैंकिंग परिप्रेक्ष्य में डिजिटल बैंकिंग अपने ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं घर बैठे उपलब्ध करवाती हैं जिससे कि उन्हें अपनी दैनिक बैंकिंग आवश्यकताओं के लिये बैंकों में लाईन में न लगना पड़े. यह इंटरनेट बैंकिंग का विकसित रूप है किन्तु यह उससे कई मामलों में भिन्न एवं सुविधाजनक है. इंटरनेट बैंकिंग में कंप्यूटर द्वारा बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध तो हो जाती है किन्तु घर या ऑफिस के बाहर कंप्यूटर को हर समय साथ में रखना संभव नहीं हो पाता. वहीं डिजिटल प्रणाली द्वारा आज मोबाइल फोन पर बैंकिंग सेवायें एक स्पर्श मात्र से उपलब्ध है जिससे कि लोग सफ़र में, घर के बाहर भी चलते-फिरते बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं.

भारत को आत्मनिर्भर बनाने में डिजिटल बैंकिंग की भूमिका

हालांकि हमारा भारत देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कई वर्षों से प्रयासरत रहा है किन्तु वर्ष 2020 में आई वैश्विक आपदा कोविड 19 के बाद इस सफर की गति में काफ़ी हद तक वृद्धि हुई है. इन परिस्थितयों में मास्क, सैनीटाइजर, पी पी ई किट आदि भारतीय उद्योगों ने दिन रात कार्य कर के रिकॉर्ड उत्पादन किया ताकि न सिर्फ देशवासियों के लिये बल्कि विश्व में भी मानवता की रक्षा की जा सके. इन उभर कर आये उद्योगों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिये 'आपदा में अवसर' ढूँढ़ निकाले. महामारी के प्रकोप ने न सिर्फ भारत देश में बल्कि संपूर्ण विश्व में लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न कर दी थी जिससे पूरी दुनिया का कामकाज, उद्योग, और जीवन ठहर सा गया था. ऐसे में संसाधनों का आयात निर्यात और लोगों के रोज़गार भी प्रभावित हुए जिससे जीवन-यापन करने के सामने एक विकट समस्या उत्पन्न हो गई. इतने विपरीत समय में भी भारत देश अपने देशवासियों के साथ पूरे साहस और वीरता के साथ आपदा से लड़ने के लिए प्रयत्नशील रहा. इन प्रयासों में वैसे तो चिकित्सा क्षेत्र के कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय है किन्तु आपदा काल में अपनी जान की चिंता किए बिना ग्राहक सेवाएं प्रदान करने वाले बैंक और बैंकिंग कर्मचारियों के प्रयासों को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता है.

जैसा कि विदित है कि कोई भी देश आत्मनिर्भर तभी बन सकता है जब वहां के लोग आत्मनिर्भर बनें. डिजिटल बैंकिंग ने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नए आयाम प्रदान किए हैं. आज लगभग सभी बैंकों की अधिकतर बैंकिंग सेवाएं डिजिटल रूप में लोगों के मोबाइल फोन पर बैंकिंग एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध हैं. लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों के अलावा हर एक भारतीय आज अपना रोजगार और बैंकिंग अपने मोबाइल से बड़ी ही सहजता से नियंत्रित कर सकता है. घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न सब्सिडी आदि प्रदान की जाती है जो डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से सीधे ग्राहक तक

पहुंच जाती है. कुछ इसी प्रकार की अन्य सुविधाएं जो डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से देश के उद्यमियों को और सशक्त बनाती हैं, वे निम्नानुसार हैं :

1. अधिक से अधिक लेन–देन डिजिटल रूप में होने से नकदी लेन–देन में धीरे धीरे कमी आई है जिसका सीधा फायदा सरकार द्वारा चलाए जा रहे कैशलैस इकोनॉमी के स्वप्न को पूरा करने में मददगार साबित होगा.
2. डिजिटल लेन–देन होने से नकली मुद्रा के प्रचलन को रोकने में भी सहायता मिल रही है.
3. डिजिटल लेन–देन में पारदर्शिता और उसके साक्ष्य उपलब्ध होने से काले धन को कम कर भ्रष्टाचार को रोकने में भी सहायता प्राप्त हो रही है.
4. डिजिटल बैंकिंग से आज के समय में कुछ ही मिनटों में बैंक खाता खुलने से लेकर बैंकिंग सेवाओं को उपयोग करने की सेवा उपलब्ध हो जाती है. इससे लोगों का समय निश्चित रूप से बचता है और वे अपने रोजगार एवं उद्योगों का संचालन समय से कर पाते हैं.
5. घरेलू और छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन तभी मिल सकता है जब उनकी वित्तीय आवश्यकताएं समय से पूर्ण हो सके. डिजिटल बैंकिंग से आज कहीं से कहीं पर पैसों का लेन–देन मिनटों में हो जाता है और डिजिटल डिलीवरी चैनल जैसे कि एटीएम, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम आदि पर बड़ी ही सहजता से भुगतान भी प्राप्त किया जा सकता है.
6. देश में चल रहे "आत्मनिर्भर भारत" अभियान, मेक इन इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, विभिन्न सरकारी योजनाएं, सब्सिडी और रियायतें आदि किसी न किसी रूप से बैंकिंग से जुड़ी हुई हैं क्योंकि सही धनराशि सही खाता धारकों तक पहुंचाना बैंकों के माध्यम से ही संभव हो पाता है.
7. वैश्वीकरण के इस दौर में आत्मनिर्भरता की परिभाषा सिर्फ स्वयं के लिए सक्षम बनने तक ही सीमित नहीं रह गई है. अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ–साथ दूसरों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयासरत रह कर सक्षम बनना देश को और आत्मनिर्भर बनाता है. माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा हमारे देश के घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चलाया गया 'वोकल फॉर लोकल' स्लोगन का उद्देश्य यही है कि नए व छोटे उद्योगों को आगे बढ़कर अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रचार–प्रसार करना होगा क्योंकि आज जिन नामचीन विदेशी ब्रांडों के उत्पादों की ओर हम आकर्षित हो रहे हैं, उनकी शुरुआत इसी प्रकार छोटे घरेलू उद्योगों से ही हुई थी. बैंक ऐसे ही जरूरतमंद और योग्य छोटे उद्योगों को उनके सपने पूरे करने के लिए बहुत ही आसानी से घर बैठे ऋण सुविधा उपलब्ध करवाता है. डिजिटल बैंकिंग प्रणाली होने के कारण घर बैठे ही वीडियो केवाईसी दस्तावेज़ अपलोड, आधार से पुष्टीकरण आदि की प्रक्रिया पूर्ण होने पर लोगों को उनकी पात्रता के अनुसार उचित दरों पर तत्काल ऋण सुविधा उपलब्ध हो जाती है. इससे निश्चित ही भारतीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है ताकि वे 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में बढ़कर स्वयं के साथ साथ अपने देश को भी सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं.

हालांकि देश को आत्मनिर्भर बनाने में डिजिटल बैंकिंग एक अहम भूमिका अदा कर ही रहा है किन्तु यह राह उतनी भी आसान नहीं है, इस मार्ग में कई प्रकार की चुनौतियां हैं. जितनी तेज़ी से इस तकनीक का विकास हुआ है उतनी ही तेज़ी से साइबर क्राइम और धोखाधड़ी भी बढ़ी है . लोगों को अधिक से अधिक जागरूक बनाने के लिए समय–समय पर सरकार द्वारा समाचार पत्र, टीवी आदि माध्यमों से अवगत कराया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकों द्वारा लोगों को सावधान किया जाता है कि वो अपना बैंकिंग पिन, सीवीवी नंबर, ओटीपी आदि किसी से भी साझा न करें. बैंक लोगों को जागरूक करते रहते हैं कि अपना मोबाइल नंबर जल्दी जल्दी न बदलें और यदि बदलने की आवश्यकता पड़े भी तो उसके लिए केवाईसी दस्तावेज़ के साथ अपनी बैंक शाखा में स्वयं जा कर मोबाइल नंबर अपडेट करवाएं क्योंकि सारी डिजिटल बैंकिंग प्रणाली मोबाइल ऐप्लीकेशन पर ही आधारित होती है. ऐसे में मोबाइल के गलत उपयोग से लोगों को साइबर अपराध के तहत भारी वित्तीय हानि होने का खतरा बना रहता है. डिजिटल बैंकिंग से संबंधित कुछ अन्य चुनौतियां निम्नलिखित हैं:

(i) डिजिटल बैंकिंग के बारे में साक्षरता के अभाव के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्रों के कई लोग इन सुविधाओं से वंचित हैं, जिन्हें जागरूक और साक्षर बनाकर उन्हें भी लाभान्वित किया जा सकता है.

(ii) फिशिंग यानी लुभावने ई–मेल में सूचित की गई इनाम राशि आदि के लालच में आकर साक्षर लोग भी लिंक पर क्लिक कर के खाते से संबंधित गुप्त सूचनाएं साझा कर देते हैं जिससे वे साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं.

(iii) 'विशिंग', 'फिशिंग' का ही वह रूप है जिसमें लोग फोन पर बातों बातों में गुमराह होकर अपना ओटीपी, सीवीवी आदि साझा कर देते हैं और वित्तीय हानि कर बैठते हैं.

उपसंहार

डिजिटल बैंकिंग की महत्ता को देखते हुए इस वर्ष के बजट में आजादी के 75 वर्ष के जश्न को मनाने हेतु देश के 75 जिलों में डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) की स्थापना की गई है. इन डिजिटल बैंकिंग यूनिटों का उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देना एवं उसकी उपलब्धता एवं उपयोगिता को अधिक से अधिक देशवासियों तक पहुंचा कर वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है. जिस प्रकार किसी भी देश की प्रगति और तरक्की वहां के लोगों की प्रगति और तरक्की पर निर्भर करती है, उसी प्रकार भारत देश भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर इसीलिए हो पा रहा है क्योंकि यहां के लोग आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयासरत हैं. कम से कम समय में, कहीं से भी, कहीं पर भी पैसों का डिजिटल लेन–देन होने से उद्योगों को सही समय पर कच्चे माल की उपलब्धता हो पाती है, जिससे सही समय पर उत्पाद निर्माण कार्य संपन्न हो पाता है, तैयार उत्पाद एवं सेवाओं की आपूर्ति और निर्यात हो पाता है और इसी से सही समय पर उद्योगों को आमदनी प्राप्त होती है जो कि हमारे घरेलू उद्योगों को संपन्न, समृद्ध, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाती है जो एक व्यापक रूप में हमारे देश को आत्मनिर्भर बनाती है.

❖❖❖

चारुल सिंह
अधिकारी
डीबीयू, वाराणसी

Revolutionizing Agriculture: IoT in Operations

Internet of Things (IoT) refers to the network of physical devices, vehicles, buildings, and other items embedded with electronics, software, sensors, and connectivity which enables these objects to connect and exchange data. This allows for the collection and sharing of data from these devices, enabling new types of applications and services to be developed.

It is only logical that IoT, connected devices, and automation would find its application in agriculture, and as such, tremendously improve nearly every facet of it. How could one still rely on horses and plows when self-driving cars and virtual reality are no longer a sci-fi fantasy but an everyday occurrence.

Farming has seen a number of technological transformations in the last decades, becoming more industrialized and technology driven. By using various smart agriculture gadgets, farmers have gained better control over the process of raising livestock and growing crops, making it more predictable and improving its efficiency.

The use of IoT by Indian farmers is still in its early stages, but it is gradually gaining momentum. The Indian government has recognized the potential of IoT in agriculture and has taken steps to promote its adoption. The National e-Governance Plan for Agriculture includes a component on "Precision Agriculture" which aims to provide farmers with real-time information and advisory services through mobile and web-based platforms. In recent years, private companies have also started to develop and market IoT-enabled devices and services for Indian farmers. These include precision irrigation systems, soil moisture sensors, and crop monitoring devices.

The Internet of Things (IoT) has the potential to revolutionize the agriculture industry in India by providing farmers with real-time data and insights to improve crop yields, reduce costs, and make more informed decisions. The agriculture sector in India is a significant contributor to the country's economy, with around 50% of the population engaged in agriculture and related activities. However, the sector has been facing numerous challenges, including low productivity, inadequate access to information and technology, and limited resources. IoT can help address many of these challenges by providing farmers with real-time data and insights to improve crop yields and reduce costs.

One of the most promising applications of IoT in agriculture is precision farming. Precision farming uses real-time data and analytics to optimize crop yields and reduce costs by targeting specific areas of the field that need attention. This precision agriculture approach helps to conserve resources, reduce the use of fertilizers and pesticides.

IoT can be used for crop monitoring to collect data on crop growth, yield, and health, allowing farmers to make more informed decisions about planting, irrigation, and crop management. This data can be used to predict crop yields and identify potential issues before they become a problem, such as pests or diseases. This can help farmers to take preventive measures, such as applying pesticides or fertilizers, to protect crops from damage, and increasing their yield.

Perhaps one of the most promising agritech advancements is the use of agricultural drones in smart farming. Also known as UAVs (unmanned aerial vehicles), drones are better equipped than airplanes and satellites to collect agricultural data. Apart from surveillance capabilities, drones can also perform a vast number of tasks that previously required human labor: planting crops, fighting pests and infections, agriculture spraying, crop monitoring, etc.

IoT can also be used to improve the efficiency of irrigation systems. Smart irrigation systems use IoT- enabled sensors to monitor soil moisture levels, weather conditions, and other factors to determine the optimal time and amount of water to be applied to crops. This not only helps farmers save water and energy, but also helps to ensure that the right amount of water is applied at the right time. This can help farmers

save on costs and increase their profits.

Typically, farmers use manual intervention to control the greenhouse environment. The use of IoT sensors enables them to get accurate real-time information on greenhouse conditions such as lighting, temperature, soil condition, and humidity and other factors that are critical to crop growth. This allows farmers to optimize growing conditions and improve crop yields, even in extreme weather conditions. Smart greenhouses can also be used to reduce the use of pesticides and other chemicals, which is not only better for the environment but also for the health of the crops and consumers.

Another area where IoT can make a big impact in agriculture in India is in the supply chain management. IoT-enabled sensors and devices can be used to track the location and condition of crops from the field to the consumer, providing valuable insights into crop yields, quality, and other factors that can impact the price and demand for a particular crop. IoT can also be used to improve logistics and transportation, by providing real-time visibility into the location of trucks, trailers, and other vehicles used to transport farm harvest. This can help farmers to optimize supply chains, reduce costs and increase profits. It can also ne used to improve the efficiency of post-harvest processes, such as storage and transportation.

IoT can be used to monitor the health of livestock, including cows, pigs, and chickens, allowing farmers to detect and to take preventive measures for diseases before they spread. IoT can be used to improve the efficiency of feeding, by monitoring the weight and health of animals, and adjusting their diet accordingly.

IoT has the potential to significantly change the farming ecosystem in India by:

Improving crop yields: Provide farmers with real-time data on soil moisture, temperature, and other factors, allowing them to optimize their irrigation and fertilization practices. This can lead to better crop yields and more sustainable farming practices.

Reducing costs: Help farmers reduce costs by reducing the need for manual labor, reducing water usage, and reducing the use of chemical pesticides and fertilizers.

Enhancing precision agriculture: Help farmers to monitor crop growth and predict pests and diseases, allowing them to take preventative measures to protect their crops and increase crop yields.

Improving decision-making: By collecting and analyzing large amounts of data, farmers can make more informed decisions about crop management, leading to better yields and more sustainable farming practices.

Improving market access: Connect farmers with buyers, processors and distributors directly, by providing real-time information on crop production, quality, and prices, and enabling them to negotiate better prices for their products.

Improving supply chain visibility: Improve the traceability and transparency of agricultural products from farm to consumer, by providing real-time data on production, transportation, and storage.

Improving rural connectivity: Connect rural areas to the internet and provide farmers with access to information, services and markets, enabling them to make more informed decisions and improve their livelihoods.

The Indian government has launched several initiatives to promote the use of Internet of Things (IoT) in agriculture. One such initiative is the "Agriculture IoT and Precision Farming" scheme, which aims to provide financial assistance to farmers for the development and use of IoT-based precision farming technologies. Another initiative is the "National Agriculture Market" (e-NAM) platform, which uses IoT-enabled devices to connect farmers, traders, and buyers, and facilitates the sale of agricultural produce online. The government has also set up "Agriculture Technology Management Agency" (ATMA) at the district level to provide training and support to farmers for the adoption of new technologies, including IoT-based solutions. The use of IoT in Indian agriculture is expected to continue to grow in the coming years as the technology becomes more accessible and affordable.

❖❖❖

Hitesh Karkar
Chief Manager & Faculty
Baroda Apex Academy
Gandhinagar

भोपाल क्षेत्र द्वारा टी टी नगर शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

06 मार्च, 2023 को भोपाल क्षेत्र द्वारा टी. टी. नगर शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अजय के खुराना, अंचल प्रमुख श्री गिरीश सी डालाकोटी, भारत सरकार के सचिव श्री एस के माथुर, सरकारी संपर्क एवं पीएसयू व्यवसाय विभाग, नई दिल्ली की महाप्रबंधक श्रीमती सम्मिता सचदेव, उप अंचल प्रमुख श्री नीलब चंद्र राय, उप महाप्रबंधक (नेटवर्क) श्री विपिन कुमार गर्ग, क्षेत्रीय प्रमुख श्री एस के तलरेजा, टी टी नगर शाखा के शाखा प्रमुख श्री अशोक कुमार, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

जामनगर क्षेत्र के तहत ओखा में नवीन एटीएम का उद्घाटन

15 मार्च, 2023 को जामनगर क्षेत्र के तहत ओखा तट रक्षक यूनिट के अंतर्गत नवीन एटीएम का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर अंचल प्रमुख (राजकोट अंचल) श्री विजय कुमार बसेठा, भारतीय तट रक्षक के डीआईजी श्री दीपक कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख (जामनगर क्षेत्र) श्री मनोज कुमार साहू, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

मिड कॉर्पोरेट शाखा, भोपाल का उद्घाटन

13 जनवरी, 2023 को भोपाल में बैंक की मिड कॉर्पोरेट शाखा का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई के महाप्रबंधक श्री आनंद शंकर, महाप्रबंधक श्री अमित तुली, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख श्री गिरीश सी डालाकोटी, उप अंचल प्रमुख श्री नीलब चंद्र राय, उप महाप्रबंधक (नेटवर्क) श्री विपिन कुमार गर्ग, क्षेत्रीय प्रमुख (भोपाल क्षेत्र) श्री एस के तलरेजा, मिड कार्पोरेट शाखा, भोपाल के सहायक महाप्रबंधक श्री राजेश फुलवानी तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

मंगलूरु जिला क्षेत्र द्वारा उजिरे मेन शाखा का उद्घाटन

21 मार्च, 2023 को मंगलूरु जिला क्षेत्र द्वारा उजिरे मेन शाखा का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अजय के खुराना, अंचल प्रमुख श्रीमती गायत्री आर, उप अंचल प्रमुख श्री गोपालकृष्ण आर, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

आगरा क्षेत्र द्वारा शिकोहाबाद शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

17 फरवरी, 2023 को आगरा क्षेत्र द्वारा शिकोहाबाद शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री विवेक शुक्ला, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री योगेश कुमार तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

मंगलूरु जिला क्षेत्र द्वारा पुत्तूर शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

18 जनवरी, 2023 को मंगलूरु जिला क्षेत्र द्वारा पुत्तूर शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर अंचल प्रमुख श्रीमती गायत्री आर, एसकेडीआरडीपी (पं), धर्मस्थला के कार्यपालक निदेशक डॉ. एल एच मंजुनाथ, क्षेत्रीय प्रमुख श्री देवीप्रसाद शेट्टी, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

क्षेत्रीय कार्यालय, रतलाम के नए परिसर का उद्घाटन

13 फरवरी, 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय, रतलाम के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अजय के खुराना, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख श्री गिरीश सी डालाकोटी, उप महाप्रबंधक (नेटवर्क) श्री विपिन कुमार गर्ग, रतलाम क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुबोध इनामदार, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के नए परिसर का उद्घाटन

22 मार्च, 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर अंचल प्रमुख श्री गिरीश सी डालाकोटी, उप अंचल प्रमुख श्री नीलब चंद्र राय, उप महाप्रबंधक (नेटवर्क) श्री विपिन कुमार गर्ग, क्षेत्रीय प्रमुख (भोपाल क्षेत्र) श्री एस के तलरेजा, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

पणजी क्षेत्र द्वारा पणजी शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

20 मार्च, 2023 को पणजी क्षेत्र द्वारा पणजी मुख्य शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजेश कुमार झा, श्री दिलीप हमरस्कर, लेखा निदेशक, श्री मंगिरिश पै रायकर, नेशनल काउंसिल फॉर एमएसएमई, एसोचैम, शाखा प्रमुख श्री मनीष कुमार मसराम तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

Gulbarga Region inaugurates new premises of Super Market Branch

On 15 February, 2023 Gulbarga Region inaugurated new premises of Super Market Branch. In the opening ceremony Deputy Zonal Head Shri Gopalakrishna R, Regional Head Shri R V Siva raja Kumar, DRM Shri Dattaprasad V Chavan and other staff members were present.

Mangaluru Zone inaugurates new premises of Udupi II Regional Office

Mangaluru Zone inaugurated new premises of Udupi II Regional Office (Now Shivamogga Regional Office) with the hands of Mrs. Ghayathri R, Zonal Head on 20th March, 2023. Shri Gopalakrishna R, Deputy Zonal Head, Sri. Ravi H.G., Regional Manager, Sri. Prashanth Kumar, Deputy Regional Manager were present on the occasion.

Ernakulam Region inaugurates new premises of MG Road Branch, Ernakulam

Ernakulam Region inaugurated new premises of MG Road Branch, Ernakulam. Dr. Renu Raj (IAS), District Collector, Ernakulam, Shri Loknath Behera (IPS), MD, KMRL, S hri Sreejith Kottarathil, Zonal Head, Shri Viswajith T S, Dy. Zonal Head, Shri Anishkumar Kesavan, Regional Manager and other dignitaries were present on the occasion.

Mangaluru Zone organizes workshop for Office bearers of various Village level committee

On 18th March, 2023 Vijaya Rural Development Foundation (VRDF) has conducted One Day Workshop for Office bearers of various Village level Committees. The programme was inaugurated by Smt Ghayathri R, Zonal Head and Chairman-VRDF in the presence of Sri Gopalakrishna R Deputy Zonal Head, Shri Premnath Alva, Deputy Chairman an others.

जयपुर क्षेत्र द्वारा वॉटर कूलर का दान

जयपुर क्षेत्र की नाहरी का नाका शाखा द्वारा सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत राजकीय डेंटल कॉलेज में छात्रों हेतु वाटर कूलर लगवाया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री मनोज गुप्ता, वीकेआई शाखा के शाखा प्रमुख श्री राजेश भाखर सहित कॉलेज के उच्च प्राधिकारी एवं मेडिकल छात्र उपस्थित रहे.

रायपुर क्षेत्र द्वारा एम्स हॉस्पिटल, रायपुर में व्हील चेयर का वितरण

26 जनवरी, 2023 को रायपुर क्षेत्र द्वारा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एम्स हॉस्पिटल, रायपुर को व्हील चेयर भेंट किए गए. उक्त अवसर पर एम्स, रायपुर के निदेशक प्रो.(डॉ) नितिन म. नगरकर, उप निदेशक डॉ अंशुमान गुप्ता, बैंक ऑफ़ बड़ौदा,रायपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अभिषेक भारती अन्य स्टाफगण उपस्थित थे.

करनाल क्षेत्र द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण

31 जनवरी, 2023 को करनाल क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एमडीडी बालभवन पुश्गढ़ रोड, करनाल में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री डी पी एस भाटिया, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

Udupi Region organises health check-up camp

Regional Office Udupi and K.M.Marg Udupi branch jointly conducted Health check-up Camp for Municipality Street Cleaners on 23 January, 2023. The Health check-up camp was inaugurated by Regional Head Shri Sanatan Sathua and staff members of Regional Office and Branch were present on the occasion.

Hubballi Region organises free health check-up camp

On 23rd January, 2023 Hubballi Region organised a free health check-up camp at Merchants Association Hall APMS Yard, Hubballi for unorganised labourers of APMC. The function was inaugurated by Shri Pradeep S Desai, Regional Head in the presence of Shri Manjunath Hubballi, Secretary and Shri Muttu Patil President of Merchants Association.

Data Centre, Hyderabad Donates school bag to orphanage

On 27th January, 2023, our Data Centre, Hyderabad donated school bags and arranged lunch and dinner to 25 children at Orphanage Amma Odi Volunteer Organization, Ghatkesar, Hyderabad as a part of local community service. General Manager (IT) Shri Rakesh Nema, Assistant General Manager Shri Nallathambi A and other staff members were present on the occasion.

Hassan Region donates utensils to Deaf and Dumb School

Hassan Region donated utensils to Deaf and Dumb School at Hassan as a part of Corporate Social Responsibility. Regional Head Shri S Samuel Stephen, executives and other Staff Members were present on the occasion.

नासिक क्षेत्र द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

25 जनवरी, 2023 को नासिक क्षेत्र की नरसिंग नगर शाखा द्वारा ग्राहकों के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शाखा प्रमुख श्री चैतन्य मोहनिया तथा शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

भोपाल क्षेत्र द्वारा अनाथालय में कुर्सी का वितरण

भोपाल क्षेत्र की टीटी नगर शाखा द्वारा "सेवा भारती–मातृछाया, भोपाल" अनाथालय में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कुर्सी दान की गई. इस अवसर पर टीटी नगर शाखा के सहायक महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

नासिक क्षेत्र द्वारा त्र्यंबक देवस्थान को एअर कूलर भेंट

31 जनवरी, 2023 को नासिक क्षेत्र द्वारा सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत त्र्यंबक देवस्थान को 06 एअर कूलर भेंट किए गए. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अजय के खुराना, मुख्य महाप्रबंधक श्री जे. एन. चोपड़ा, महाप्रबंधक श्री दिनेश नामदेव, महाप्रबंधक श्री ए. एन. गुप्ता, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

सुरेंद्रनगर क्षेत्र द्वारा विद्यालय में डस्टबिन का वितरण

19 जनवरी, 2023 को सुरेंद्रनगर क्षेत्र द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत डस्टबिन का वितरण किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रशांत कुमार बल, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री बी के ठाकुर तथा अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे.

कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

16 से 31 जनवरी, 2023 तक बैंक द्वारा देश भर में अपने कार्यालयों और शाखाओं में "स्वच्छता पखवाड़ा" (स्वच्छ भारत को समर्पित एक पखवाड़ा) मनाया गया. 28 जनवरी, 2023 को बैंक द्वारा जुहू बीच पर 100 से अधिक कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ एक सफाई अभियान चलाया गया. इस अवसर पर हमारे कार्यपालक निदेशक श्री ललित त्यागी, अन्य वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

औरंगाबाद क्षेत्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

औरंगाबाद क्षेत्र की कोपरगांव शाखा द्वारा 25 जनवरी, 2023 को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. इस अवसर पर शाखा प्रमुख श्री दीपक जामरुणकर, अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

गांधीनगर क्षेत्र द्वारा दृष्टिबाधित विद्यालय में ब्रेल पेपर एवं वाटर प्यूरीफायर का वितरण

04 मार्च, 2023 को गांधीनगर क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट समाजिक दायित्व के तहत दृष्टिबाधित विद्यालय में ब्रेल पेपर एवं वाटर प्यूरीफायर का वितरण किया गया. इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री आलोक कुमार, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

पुणे जिला क्षेत्र द्वारा स्ट्रीट वेंडर को डस्टबिन का वितरण

पुणे जिला क्षेत्र द्वारा 19 जनवरी, 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पिंपले सौदागर में स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री संजय वानखेडे द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को डस्ट बीन बैग एवं मास्क का वितरण किया गया.

Thrissur Region sponsors Government of Kerala programme for BPL families

On 4th March, 2023 Thrissur Region sponsored Government of Kerala programme for BPL families ENTE KANMANIKU FIRST GIFT where region gave bed for the little ones. Regional Head Shri Sanil Kumar B, MLA Shri Saneesh Joseph and the Municipality Chairman Shri Ebby Challakkudy were present on the occasion.

बैंक द्वारा संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, मुंबई में पेयजल कियोस्क का उद्घाटन

